COLGATE-PALMOLIVE COMPANY

# आचार संहिता



## हमारी मान्यताओं के अनुसार जीना

देखभाल • वैश्विक टीमवर्क • निरंतर सुधार




उच्चतम नैतिक
मान्यताओं को बनाये रखना

# हमारे चेयरमैन, अध्यक्ष और सीईओ की ओर से एक संदेश

नैतिक नेतृत्व इससे ज्यादा महत्वपूर्ण कभी नहीं रहा। देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार के हमारी मान्यताओं के अलावा, सत्यनिष्ठा और उच्च नैतिक मानकों की हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा शक्ति और प्रतिस्पर्धी लाभ का स्रोत रही है। हमारी प्रतिष्ठा कोलगेट में काम करने वाले लोगों, हमारे उपभोक्ताओं और ग्राहकों, हमारे निवेशकों और हमारे व्यापारिक भागीदारों के लिये गहरे मायने रखती है।

लगभग 30 वर्ष पहले इसकी शुरुआत के बाद से, हमारी आचार संहिता ने सिद्धांतों के सेट के साथ हमारा मार्गदर्शन किया है जो कोलगेट की मान्यताओं को दर्शाता है और जिसने हमारे नैतिक व्यवहार को दिशा देने के लिये मानक स्थापित किए हैं। इस संहिता की नियमित रूप से समीक्षा, अद्यतन और पुनः जारी किया जाता है ताकि इसकी निरंतर सार्थकता बनी रहे। दुनिया के अनेक देशों में प्रचालन करने वाली वास्तविक वैश्विक कंपनी के रूप में, हम सबको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारा व्यवहार और हमारे निर्णय हमारे उन आदर्शों और मान्यताओं के अनुरूप हों जिनका उल्लेख हमारी संहिता में किया गया है।

हममें से प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन ऐसे निर्णय लेता है जिनके निजी, वित्तीय, समुदाय संबंधी या नैतिक परिणाम हो सकते हैं। कोलगेट परिवार के सदस्य के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि आप यह सुनिश्चित करने के लिये हमारी संहिता को पढ़ें, समझें और पूरी तरह पालन करें कि हम सत्यनिष्ठा और उच्चतम नैतिक मानकों के साथ काम करने के लिये अपनी निजी जिम्मेदारी समझते हुए अपने निर्णय लें।

कोलगेट में काम करने वाले लोगों से अपने कार्यों और शब्दों के माध्यम से लगातार नैतिक व्यवहार प्रदर्शित करने की आशा की जाती है। इसमें उस व्यवहार को चुनौती देने के लिये “आवाज़ उठाना (Speaking Up)” शामिल है जो हमारी संहिता तथा कोलगेट की नीतियों या लागू कानूनों से टकराता है।

कोलगेट में काम करने वाले लोग अपने व्यापारिक परिणामों पर बेहद गर्व महसूस करते हैं। परिणामों के मायने होते हैं, लेकिन वह तरीका भी मायने रखता है जिस तरीके से हम परिणाम हासिल करते हैं। हमारी साझा मान्यताओं के प्रति आपकी निरंतर प्रतिबद्धता और आपके नैतिक नेतृत्व के लिये अग्रिम रूप से धन्यवाद जो हमारी निरंतर व्यापारिक सफलता के लिये महत्वपूर्ण हैं।





इयान कुक (Ian Cook)
चेयरमैन, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# हमारी मान्यताओं को जीना

देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार के कोलगेट की हमारी मान्यताओं के साथ जीते हुए, हम एक ऐसी संस्कृति बनाते हैं जिसमें लोग एक टीम के रूप में, और एक जैसे लक्ष्यों की ओर एक साथ मिलकर काम करते हैं। कोलगेट की तीन बुनियादी मान्यताएँ हमारे द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों का हिस्सा हैं।

## देखभाल

कंपनी निम्नलिखित लोगों का ध्यान रखती है: कोलगेट में काम करने वाले लोग, ग्राहक, शेयरधारक, उपभोक्ता, आपूर्तिकर्ता और व्यापारिक भागीदार। कोलगेट अन्य लोगों की बातें सम्मानपूर्वक सुनने और विचारों में अंतर को महत्व देने के लिये, सभी स्थितियों में संवेदना, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और उच्चतम नैतिक मानकों के साथ काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। कंपनी वैश्विक पर्यावरण रक्षा हेतु, कोलगेट से संबंधित लोगों के रहने व काम करने की जगहों के समुदायों की बेहतरी हेतु और सभी सरकारी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिये भी प्रतिबद्ध है।

## वैश्विक टीमवर्क

कोलगेट के सभी लोग एक वैश्विक टीम का हिस्सा हैं, जो दुनिया भर के देशों में मिलकर काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। केवल विचारों, प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं को साझा करके ही कंपनी लाभ में वृद्धि को हासिल कर सकती है और बनाये रख सकती है।

## निरंतर सुधार

कोलगेट व्यक्तियों और टीम के रूप में जो कुछ भी करती है, प्रतिदिन उसमें बेहतरी लाने के लिये प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं और ग्राहकों की उम्मीदों को बेहतर रूप से समझने और लगातार कुछ नया करने तथा उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं में सुधार करने पर काम करने से कोलगेट सबसे बेहतर बन जाएगी। आज के तीव्र प्रतिस्पर्धी बाज़ार में, कोलगेट के मूल्य व्यक्ति, टीम और कंपनी की सफलता की नींव हैं। केवल दूसरों का सम्मान और कोलगेट की मान्यताओं पर जीते हुए हम उत्कृष्ट व्यापारिक परिणामों को प्राप्त करने की आशा कर सकते हैं।

# सम्मान के साथ प्रबंध करना

*“सम्मान के साथ प्रबंध करना” वह तरीका है जिससे कोलगेट में काम करने वाले लोग कंपनी के मूल्य अपने कार्यों में शामिल करते हैं।*

सम्मान के साथ प्रबंध करके, हम ऐसा माहौल पैदा करते हैं जहाँ लोग सुझाव देने, विचार रखने और संगठन में योगदान करने के लिये स्वतंत्र महसूस करें।

सम्मान के साथ प्रबंध करने से ऐसा माहौल पैदा होता है जहाँ लोग वास्तविक रूप से एक दूसरे की देखभाल करते हैं और अपने पूरे सामर्थ्य तक पहुँचने के लिये एक दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं।

सम्मान के साथ प्रबंध करने के निम्नलिखित सिद्धांत हैं:

## संवाद करें

विचारों को स्पष्ट रूप से और सरलता से व्यक्त करना; दूसरों की बात सुनना; एक ऐसा वातावरण बनाना जहाँ लोग अपने विचारों को व्यक्त करने में सहज महसूस करें; दूसरों के साथ सही समय पर जानकारी देने या लेने के प्रवाह को बढ़ावा देना।

## प्रतिक्रिया देना और मांगना

रचनात्मक, विशिष्ट प्रतिक्रिया देने और माँग करके सभी कोलगेट में काम करने वाले लोगों का विकास करना; दिशा प्रदान करना और लोगों को सही मार्ग पर रखने में सहायता करना; सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना और विशिष्ट काम को प्रोत्साहित करना।

## विशिष्ट योगदान को महत्व देना

दूसरों के योगदानों और अच्छे काम को महत्व देना और पहचान करना; व्यक्तित्व का सम्मान करना; निर्णय लेते समय और प्राथमिकताओं की स्थापना करते समय, दूसरों को शामिल करना। लोगों के बीच व्यक्तिगत मतभेदों को महत्व देना, वर्तमान और भविष्य में व्यापार की निरंतर सफलता के निर्माण और उसे बनाये रखने का एक मुख्य ज़रिया है।

## टीमवर्क को बढ़ावा देना

समान लक्ष्यों के लिये प्रतिबद्धता का निर्माण करना, मतभेदों का सकारात्मक तरीके से समाधान निकालना।

## उदाहरण प्रस्तुत करना

व्यवसाय को नैतिक तरीके से संचालित करने, तनाव प्रबंधन और सुखद और संतुलित वातावरण बनाने के लिये सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना।

# विषय-सूची


आचार संहिता के बारे में

एक दूसरे के साथ हमारे संबंध 9

- हम सफल कामकाजी संबंध रखने के लिये प्रयास करते हैं
- हम खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देते हैं
- हम कोलगेट में काम करने वाले लोगों को अपने सबसे बड़े संसाधन के रूप में महत्व देते हैं

कंपनी के साथ हमारे संबंध 12

- हम हितों के टकराव से बचते हैं
- हम कंपनी के व्यापारिक रहस्यों और गोपनीय जानकारियों की रक्षा करते हैं
- हम प्रेस और मीडिया अनुरोध नीतियों पर कायम रहते हैं
- हम सटीक बहियाँ और रिकॉर्ड बनाये रखते हैं
- हम कोलगेट की परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं
- हम जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों और सामाजिक मीडिया का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करते हैं

हमारे निदेशक मंडल से हमारे संबंध 19

- हमारे पास ऐसा निदेशक मंडल है जो स्वतंत्र, अनुभवी और उन्हें विविध प्रकार का अनुभव है
- हम बोर्ड के साथ प्रत्यक्ष और खुले संवाद को बढ़ावा देते हैं
- हम उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिये वचनबद्ध हैं

बाहरी व्यापारिक संस्थाओं के साथ हमारे संबंध 20

- हम आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्ष के साथ नैतिकतापूर्ण व्यवहार करते हैं
- हम अनुचित उपहार देते या लेते नहीं हैं
- हम अन्यों के व्यापारिक भेदों और गोपनीय जानकारियों का सम्मान करते हैं

उपभोक्ताओं के साथ हमारे संबंध 22

- हम अपने उत्पादों के लिये उच्चतम मानक निर्धारित करते हैं
- हम उपभोक्ताओं के प्रति प्रतिक्रियाशील हैं
- हमारे विज्ञापन ईमानदारी वाले और सटीक हैं

सरकार और कानून के साथ हमारे संबंध 24

- हम सभी लागू कानूनों का पालन करते हैं
- हम प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते हैं
- हम प्रतिभूति कानूनों का पालन करते हैं
- हम रिश्वतरोधी कानूनों का पालन करते हैं
- हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियमों का पालन करते हैं
- हम डेटा निजता और डेटा संरक्षण कानूनों का पालन करते हैं
- हम रिकॉर्ड प्रतिधारण कानूनों का पालन करते हैं
- हम राजनीतिक अंशदान नहीं देते

समाज के साथ हमारे संबंध 31

- हम स्थानीय दान और स्वयंसेवा में भाग लेते हैं
- हम सरकारों के साथ उन मुद्दों पर काम करते हैं जो हमारे व्यापार को प्रभावित करते हैं
- हम शोषण करने वाली, अमानवीय श्रम प्रथाओं का विरोध करते हैं
- हम सार्वभौमिक मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं

पर्यावरण के साथ हमारे संबंध 33

- हम स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये प्रतिबद्ध हैं
- हम इस ग्रह की सुरक्षा और रक्षा करते हैं

शेयरधारकों के साथ हमारे संबंध 34

- हम शेयरधारक मूल्य की रक्षा के लिये अच्छा कॉर्पोरेट गवर्नेंस बनाये रखते हैं
- हम निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिये सुदृढ़ लेखा-परीक्षा कार्यक्रम बनाये रखते हैं
- हम शेयरधारकों को कंपनी की प्रगति के बारे में जानकारी देते रहते हैं

अनुपालन के लिये हमारी जिम्मेदारी 35

- संचार और प्रकटीकरण महत्वपूर्ण हैं
- यदि आपको मार्गदर्शन की जरूरत है तो हमारे पास सहायता देने के लिये आंतरिक संसाधन हैं
- हम सरोकारों की रिपोर्ट करने के लिये उपयुक्त संसाधनों से “बात करते हैं”
- अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है
- संहिता कोलगेट के सभी लोगों और कंपनी गतिविधियों पर लागू होती है

# आचार संहिता के बारे में

हमारी कोलगेट आचार संहिता यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करती है कि हमारे दैनिक व्यापार संबंधी कार्यकलाप सत्यनिष्ठा के साथ पूरे किए जाएं। संहिता साफ तौर पर हममें से प्रत्येक को वह तरीका बताती है जिस तरह से हमें अपने व्यापारिक परिणाम हासिल करने चाहिए। संहिता कंपनी और इसकी सहयोगी कंपनियों के निदेशकों, अधिकारियों और सभी कर्मचारियों सहित कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों पर लागू होती है। विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भी इन अपेक्षाओं के अधीन हैं क्योंकि कोलगेट तृतीय पक्ष आचार संहिता का पालन करना कोलगेट के साथ व्यापार करने की शर्त है।

प्रत्येक कर्मचारी संहिता, वैश्विक व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश, कंपनी की नीतियों और सभी लागू कानूनों का पालन करने के लिये सत्यनिष्ठा और नेतृत्व दर्शाने हेतु जिम्मेदार है। अपने जारी व्यापार संबंधों में और निर्णय लेने में नैतिकता और सत्यनिष्ठा को पूरी तरह से शामिल करके, हम ऐसी संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हैं जो उच्चतम नैतिक मानकों को बढ़ावा देती है।

यदि इस संहिता या किसी संबंधित कोलगेट नीति या प्रक्रिया की व्याख्या करने या उसका पालन करने के बारे में आपके कोई प्रश्न या सरोकार हैं तो आपको इस स्थिति पर अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से चर्चा करनी चाहिए।

उच्चतम नैतिक मानक बनाये रखना और अनुचित या गैरकानूनी व्यवहार से मुक्त ऐसे कार्यस्थल का सृजन करना कोलगेट की नीति और रीति है जिसमें लोगों को अपने सरोकारों को बदले की कार्रवाई के भय के बिना कंपनी के साथ साझा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। परिणामस्वरूप, कोलगेट में, कंपनी की आचार संहिता, कंपनी की नीति या लागू कानून के संदिग्ध उल्लंघन की शिकायत करने वाले, रिपोर्ट करने वाले, उसमें भाग लेने वाले या सहयोग करने वाले किसी कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी, एजेंट या तृतीय पक्ष के प्रति तब तक कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक यह न पाया जाए कि लगाया गया आरोप या प्रदान की गई जानकारी जानबूझकर गलत दी गई थी या सद्भावना से नहीं दी गई थी। अधिकतम संभव सीमा तक, कोलगेट द्वारा सभी शिकायतों की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी। प्रतिशोध की सभी शिकायतों की जाँच की जाएगी, और यदि उचित होगा, तो अनुशासनात्मक कायवाही की जाएगी, जिसमें नौकरी की बर्खास्तगी तक शामिल हो सकती है।

यह संहिता ऑनलाइन उपलब्ध है और इसका चालीस भाषाओं में अनुवाद किया गया है। कोलगेट में काम करने वाले लोगों से इस संहिता को पढ़ने, समझने और पालन करने की अपेक्षा की जाती है। अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने के लिये, कोलगेट में काम करने वाले लोग वार्षिक आधार पर संहिता का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और उन्हें प्रमाणपत्र दिए जाते हैं।

जब प्रश्न उठे तो अच्छे निर्णय का उपयोग करके और मार्गदर्शन लेकर इस संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान है। यदि आप किसी विशिष्ट कार्रवाई के बारे में आश्वस्त नहीं हैं, तो अपने आप से यह पूछिए:

# निर्णय लेने संबंधी नैतिक प्रश्न

**प्रश्न:**

क्या मैं यह करने के लिये अधिकृत हूँ?

**प्रश्न:**

क्या मैं उदाहरण स्थापित कर रहा/रही हूँ?

**प्रश्न:**

क्या यह कार्रवाई करना सही है?

**प्रश्न:**

क्या कार्रवाई कानूनी है और हमारी मान्यताओं, संहिता, हमारी व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों और अन्य नीतियों के अनुकूल है?

**प्रश्न:**

क्या मुझे इस कार्रवाई के बारे में किसी ऐसे व्यक्ति को रिपोर्ट करने में गर्व होगा जिसका मैं सम्मान करता/करती हूँ?

**प्रश्न:**

क्या इस कार्य से नैतिक कंपनी के रूप में कोलगेट की प्रतिष्ठा में और वृद्धि होगी?

**प्रश्न:**

क्या मैं उच्चतम नैतिक मानक प्रदर्शित कर रहा/रही हूँ?

**उत्तर:**

**हाँ,** आगे बढ़ें।

**नहीं,** कृपया वैश्विक कानूनी संगठन (Global Legal Organization) या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन विभाग से परामर्श करें।

# एक दूसरे के साथ हमारे संबंध



*एक दूसरे के साथ हमारा व्यवहार आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित होना चाहिए।*

## हम सफल कामकाजी संबंध रखने के लिये प्रयास करते हैं

कोलगेट में, हमें अपने लोगों की मज़बूत व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और इस प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप मिलने वाली उत्कृष्ट उपलब्धियों पर गर्व है। लेकिन प्रतिबद्धता का यह स्तर केवल विश्वास, स्वतंत्र और ईमानदार संवाद और सम्मान के वातावरण में ही हासिल किया जा सकता है। आपके साथियों, आपके वरिष्ठों और आपके सुपरवाइज़रों को साथ आपके सभी व्यवहार साझेदारी के रूप में किए जाने चाहिए जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार सर्वोच्च नैतिक मानकों को बनाये रखने के लिये अधिभावी प्रतिबद्धता द्वारा संचालित होते हैं।

जिनके साथ आप काम करते है उन लोगों के साथ आपके संबंध, एक विजयी टीम के सदस्य के रूप में होने चाहिए। तालमेल और साझे लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करके काम करने वाले लोग हमारे व्यापार की प्रेरक बल हैं। इस गतिशील टीम सबंधों के द्वारा काम करने के लिये, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाना चाहिए और यह विश्वास रखना चाहिए कि दूसरे भी ऐसा ही करेंगे। इसका मतलब है, काम को पूरा करने के लिये प्रत्येक स्तर पर दूसरों को आवश्यक सहायता देना। कोई व्यक्ति या व्यापारिक इकाई अपनी प्राथमिकताएँ कंपनी की प्राथमिकताओं से पहले नहीं रख सकता/सकती है।

आपके साथ काम करने वाले लोगों के साथ आपके संबंधों में शालीनता, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा का उदाहरण पेश करते हुए नैतिकता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नेताओं के रूप में, हम सभी कार्य-निष्पादन के उच्च स्तर बनाये रखने और ऐसा वातावरण तैयार करने के लिये जिम्मेदार हैं जो टीमवर्क, सम्मान और नैतिक व्यवहार को बढ़ावा दे।

## हम खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देते हैं

रचनात्मक और अभिनव सोच को प्रोत्साहित करें, और यदि आप एक सुपरवाइज़र हैं, तो अधीनस्थों के साथ मानवीय व्यवहार करें, और उन्हें अपना काम करने के लिये आवश्यक स्वतंत्रता प्रदान करें। प्रदर्शन में सुधार के लिये सुझाव दें।

अपने सुपरवाइज़र के साथ आपका संबंध सम्मान और विश्वास का होना चाहिए। आप और आपका सुपरवाइज़र एक टीम है जिसका साझा उद्देश्य कंपनी द्वारा आपकी इकाई के लिये निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

यह सुनिश्चित करने के लिये कि आपके बीच किया जाने वाला संप्रेषण स्वतंत्र और ईमानदार है, आप भी उतने ही जिम्मेदार हैं जितना कि आपका सुपरवाइज़र। आपसे जितनी बार संभव हो सके, पहल करें। समस्याओं को सुलझाने के लिये नवीन तरीकों का उपयोग करें। आपकी इकाई और कंपनी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये आपका सहयोग और रचनात्मकता आवश्यक है।

## हम कोलगेट में काम करने वाले लोगों को अपने सबसे बड़े संसाधन के रूप में महत्व देते हैं

लोगों की देखभाल करने की कोलगेट की प्रतिबद्धता, व्यक्तिगत और टीम उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिये बनाये गए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जाहिर होती है। आप जितना आगे बढ़ना चाहते हैं आपको उतना अधिक आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है ताकि आप कंपनी की प्रगति के लिये महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। अंत में, ये दुनिया भर में कोलगेट में काम करने वाले हमारे सभी प्रतिभाशाली और कुशल लोगों के प्रयास ही हैं जो कंपनी की सफलता को संभव बनाते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग ourcolgate.com पर कंपनी की समान रोज़गार नीति का संदर्भ लेकर अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

- हम मिलकर काम करने का वातावरण बनाये रखते हैं और अपने कार्यबल में सभी पृष्ठभूमि के लोगों को आकर्षित करके और बनाए रखकर उत्कृष्टता हासिल करते हैं।

- हम कार्यस्थल में या कंपनी के व्यापार का संचालन करते समय किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोलगेट में काम करने वाले लोगों के यौन उत्पीड़न या किसी भी अन्य प्रकार के उत्पीड़न का निषेध करते हैं।
- हम कंपनी द्वारा अपनाई गई नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार कार्यस्थल में पक्षपात या पक्षपात के माहौल से बचने का प्रयास करते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग ourcolgate.com पर कंपनी की उत्पीड़न-रोधी नीति का संदर्भ लेकर अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**कोलगेट सभी योग्य लोगों को समान आधार पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराती है। कंपनी निम्नलिखित कारणों से रोज़गार के लिये किसी कर्मचारी या आवेदक के खिलाफ भेदभाव नहीं करेगी:**

**भर्ती, मज़दूरी, पदोन्नति, स्थानांतरण, मुआवज़ा, प्रशिक्षण पदावनति, या नौकरी से निकाला जाना इसमें शामिल हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं है।**

- जाति या जातीयता
- रंग
- धर्म
- लिंग या लिंग पहचान
- राष्ट्रीय मूल
- आयु
- यौन झुकाव
- अशक्तता
- वैवाहिक स्थिति
- वयोवृद्धता की स्थिति
- कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य विशेषता

**प्रश्न:**

मेरा विश्वास है कि मेरा सुपरवाइज़र हमारी टीम के कुछ सदस्यों के साथ असम्मानजनक तरीके से व्यवहार करता है जो सम्मान के साथ प्रबंधन के हमारे सिद्धांतों के साथ संगत नहीं है लेकिन मैं यकीन से नहीं कह सकता/सकती। क्या मैं आचारलाइन (EthicsLine) के माध्यम से इस बारे में किसी से परामर्श कर सकता/सकती हूँ?

**उत्तर:**

**हाँ,** आप ऐसा कर सकते/सकती हैं। लेकिन याद रखें कि जब आप कार्यस्थल संबंधी किसी मसले पर चिंतित हों तो आप अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से या अपनी नेतृत्व टीम के विश्वसनीय सदस्य से भी परामर्श कर सकते हैं। यदि आप इसे वरीयता दें, तो वैश्विक आचारनीति और अनुपालन भी आपके मार्गदर्शन या स्पष्टीकरण के लिये मौजूद है।

**प्रश्न:**

मेरे विभाग के एक सदस्य ने अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए बार-बार मेरे/मेरी सहयोगी के यौन झुकाव पर टिप्पणियाँ की हैं। जब मैंने उससे इस बारे में बात की तो उसने उत्तर दिया कि वह केवल मज़ाक कर रहा था और उसका वह व्यवहार चालू है। क्या मैंने सही काम किया?

**उत्तर:**

**हाँ।** आपने बात करके सही काम किया। तथापि, आपके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अपमानजनक व्यवहार जारी है। किसी ऐसे व्यवहार के बारे में अपने सुपरवाइज़र, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से बात करें जो हमारी संहिता, नीतियों या सम्मान के साथ नेतृत्व के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

- हम बाल श्रम का उपयोग नहीं करते हैं। बाल श्रम को किसी भी संबंधित अधिकार क्षेत्र में कानून द्वारा स्वीकृत न्यूनतम उम्र से कम आयु के व्यक्ति को रोज़गार देने के रूप में परिभाषित किया गया है। हालांकि, किसी भी स्थिति में हम जानबूझकर सोलह (16) साल से कम आयु के व्यक्ति को रोज़गार नहीं देते हैं।
- हम कार्यस्थल से संभावित खतरों को खत्म करने और सभी लागू व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य कानूनों और मानकों का अनुपालन करने का प्रयास करते हैं।
- हम निम्न द्वारा कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों तथा अन्य लोगों के लिये काम करने का एक सुरक्षित, स्वस्थ और उत्पादक वातावरण बनाए रखने में सहायता करते हैं:
    - कंपनी की संपत्ति या कंपनी में काम करने के समय में अवैध नशीली दवाओं या नशीली दवाओं संबंधी सामग्री रखने, उपयोग करने, बेचने या हस्तांतरण पर रोक लगाकर;
    - शराब के नशे में होते हुए कंपनी के व्यापार के संचालन पर रोक लगाकर;
    - स्थानीय कानून के तहत, कंपनी के परिसरों में या कोलगेट का व्यापार करते समय, हथियारों/बंदूकों, विस्फोटक डिवाइसेज़ या गोला बारूद रखने या उपयोग करने पर रोक लगाकर। सुरक्षाकर्मियों के लिये हथियार रखना अधिकृत किया जा सकता है जब हथियार रखने का यह अधिकार कोलगेट में काम करने वाले लोगों के बचाव और सुरक्षा के लिये आवश्यक निर्धारित किया जाए;
    - किन्हीं भी ऐसे कार्यों को रोकना जो कि हिंसक, धमकी देने, अपमानजनक या डराने के रूप में माने जा सकते हों; और
    - यह आवश्यक करके कि कार्यस्थल पर नशीली दवाओं या शराब का सेवन, हिंसा या कंपनी की संपत्ति पर या कंपनी में काम करने के समय में अवैध हथियार रखने जैसी किसी घटना के बारे में मानव संसाधन, वैश्विक सुरक्षा, वैश्विक कानूनी संगठन, वैश्विक आचारनीति और अनुपालन या प्रबंधन को तत्काल सूचित किया जाए।

**प्रश्न:**

मेरे एक सहकर्मी बुजुर्ग हैं इसलिए मैं पहले से सक्रिय रूप से उन कार्यों में उनकी मदद करके काम को आसान बनाने का प्रयास करता हूँ जो मुझे उनकी आयु के हिसाब से कठिन लगते हैं। मैं केवल सहायता करने का प्रयास कर रहा हूँ लेकिन हाल ही में मैंने अपने सुपरवाइज़र से सुना कि वह मुझसे नाख़ुश है। क्या यह व्यवहार गलत है?

**उत्तर:**

**हाँ।** आपको यह नहीं मान लेना चाहिए था कि अपनी आयु के कारण आपके सहयोगी में वही कौशल और क्षमताएं नहीं हैं, जो आप में है। आयु के कारण किसी के साथ अलग तरह से बर्ताव करना कार्यस्थल पर कभी स्वीकार्य नहीं है। उनसे बात करें और उन्हें बताएं कि आपकी मंशा देखभाल करने की भावना से उनकी मदद करने की थी और आपकी मंशा कोई अपमान करने की नहीं थी।

# कंपनी के साथ हमारे संबंध




*कोलगेट में काम करने वाले लोगों के रूप में, हम अपने ऊपर किए जाने वाले भरोसे और विश्वास को समझते हैं और सभी स्थितियों में निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं।*

## हम हितों के टकराव से बचते हैं

मूल्यांकन आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। आपको किसी ऐसी गतिविधि, हित या संबंध से बचना चाहिए जो कंपनी के वैध व्यापारिक हितों से या कंपनी के लिये या उसके साथ व्यापार करने में आपके स्वतंत्र निर्णय की वस्तुनिष्ठता या उपयोग से टकराता हो या समझौता करता प्रतीत होता हो। बहुत सी स्थितियों में टकराव पैदा हो सकता है। यहाँ सभी को शामिल कर पाना असंभव है, और हमेशा उचित तथा अनुचित गतिविधि के बीच अंतर कर पाना आसान नहीं होता। जब संदेह हो तो कोई कार्रवाई करने से पहले, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन, वैश्विक आचारनीति और अनुपालन या अपने प्रबंधक से परामर्श करें।

सामान्य टकराव की स्थितियों के लिये निम्नलिखित दिशा-निर्देश लागू होते हैं:

### निवेश

कोई भी ऐसा निवेश न करें जो आपके व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता हो। कंपनी की नीति कोलगेट में काम करने वाले लोगों को ऐसी कंपनी के शेयर खरीदने या स्वामित्व हित रखने से मना करती है जो कोलगेट के साथ प्रतिस्पर्धा या व्यापार कर रही है। यह रोक सार्वजनिक कारोबारी कंपनी के शेयर की छोटी मात्रा (सामान्यत: 1% से कम) के स्वामित्व के लिये लागू नहीं होती है, बशर्ते कि निवेश वित्तीय रूप से इतना महत्वपूर्ण न हो कि वह हितों के टकराव की उपस्थिति को प्रदर्शित करता हो। यदि आपने कोलगेट में शामिल होने से पहले संभावित रूप से निषिद्ध निवेश किए हैं, तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

### परिवार

कोलगेट की ओर से किसी ऐसी कंपनी के साथ कारोबार करने से पहले जिसमें आप या आपके परिवार के करीबी सदस्य का हित हो, अपने प्रबंधक को सूचित करें और अपने प्रभाग या फंक्शन प्रमुख और वैश्विक कानूनी संगठन से स्वीकृति प्राप्त करें।

### अन्य कार्य

कोलगेट के साथ काम करते हुए कोलगेट के प्रतियोगी के साथ काम न करें या उसके लिये कोई काम न करें या किसी तीसरे पक्ष (वितरक, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता) को सहायता देना जिससे आपकी क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हो या नौकरी पर आपके निर्णय को प्रभावित कर सकता हो। अपने प्रभाग या फंक्शन प्रमुख से स्वीकृति लिये बिना कंपनी के समय, सुविधा, संसाधनों, ब्रांड या प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल बाहर के ऐसे कार्यों के लिये न करें जो कोलगेट में आपकी नौकरी रोज़गार से संबंधित नहीं है।

### व्यक्तिगत

हम कोलगेट में काम करने वाले लोगों के कार्यस्थल पर आने वालों के साथ मिलने-जुलने की आजादी के उनके अधिकार का मान्यता और सम्मान देते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिये बेहतर मूल्यांकन का इस्तेमाल किया जाना चाहिए कि उन संबंधों का कार्य-निष्पादन, दूसरों का पर्यवेक्षण करने की क्षमता या कार्य वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

किसी कार्यस्थल पर कर्मचारियों के बीच किसी रूमानी रिश्ते या मित्रता से उत्पन्न होने वाला कोई भी आचरण अनुचित हो सकता है यदि वह आचरण दूसरों के लिये काम करने का असहज वातावरण पैदा करता है या जिसे पक्षपातपूर्ण व्यवहार माना जा सकता है। कंपनी के सर्वोत्तम हित की बजाय पक्षपात या रूमानी रिश्तों या मित्रता के आधार पर व्यापारिक निर्णय लेना निषिद्ध है। रूमानी रिश्ते या मित्रता में बंधे हुए लोगों को चातुर्य, बेहतर मूल्यांकन और संवेदनशीलता का उपयोग करना चाहिए।

किसी सुपरवाइज़र को किसी ऐसे व्यक्ति का पर्यवेक्षण नहीं करना चाहिए जिसके साथ वह रूमानी रूप से जुड़ा/जुड़ी हो। उस स्थिति में, दोनों कर्मचारियों को इस स्थिति की जानकारी मानव संसाधन और/या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन को देनी चाहिए।

इस तथ्य के प्रति सावधान रहें कि परिवार का करीबी सदस्य ऐसे पद पर काम कर रहा हो सकता है जो हित का टकराव पैदा करे या पैदा करता हुआ प्रतीत हो। यदि ऐसी स्थिति पैदा होती है, तो अपने प्रबंधक, मानव संसाधन या वैश्विक कानूनी संगठन से मार्गदर्शन के लिये परामर्श करें।

## बोर्ड

बाहरी व्यापार या सरकारी एजेंसी के लिये निदेशक मंडल या उसके समान संगठन में सेवा देने पर सहमत होने से पहले सीईओ और मुख्य कानूनी अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करें।

आपको तब तक किसी लाभ न कमाने वाले संगठन के बोर्ड में सेवा देने के लिये स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं है जब तक उस संगठन का कंपनी से व्यापारिक संबंध न हो, ऐसा होने पर आपको प्रभाग या फंक्शन प्रमुख की स्वीकृति लेनी होगी।

## अन्य ध्यान रखने योग्य बातें

हम सकारात्मक कार्य वातावरण को बनाए रखने का प्रयास करते हैं जो हमारी कंपनी के मान्यताओं को दर्शाता है और मज़बूत कार्य संबंधों को बढ़ावा देता है। जबकि हमारे सौदों से बाहरी पक्षों के साथ प्रायः हितों के टकराव पैदा होते हैं, लेकिन टकराव या टकराव के आभास कंपनी के भीतर आंतरिक बातचीत का परिणाम भी हो सकते हैं। हममें से जो लोग दूसरों का प्रबंधन करते हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिये सतर्क रहना चाहिए कि ऐसी स्थितियाँ न पैदा हों जिनसे दूसरों को लगे कि पक्षपात किया जा रहा है या हित का कोई संभावित टकराव है।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आप स्वयं को हित के किसी संभावित टकराव की स्थिति में पाते हैं, तो अपने प्रबंधक से परामर्श करें। कंपनी आपके साथ स्थिति का निपटारा करने और उचित समाधान तलाशने के लिये काम करेगी।

कोलगेट में काम करने वाले लोग हित के टकराव संबंधी मुद्दे के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 7 में देखा जा सकता है।

**प्रश्न:**

आपके परिवार का कोई करीबी सदस्य एक खुदाई कंपनी का मालिक है और उसने उस विनिर्माण संयंत्र में व्यापार करने के लिये बोली लगाई है जहाँ मैं काम करता/करती हूँ। मैं उत्पादन लाइन पर काम करता हूँ और मेरे पास निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। क्या अब भी मुझे इस स्थिति को हित के संभावित टकराव के रूप में उठाना चाहिए?

**उत्तर:**

**हाँ।** भले ही आपका बोली प्रक्रिया के परिणाम पर सीधा नियंत्रण न हो लेकिन यह तथ्य है कि आपके चचेरे भाई के कंपनी के भीतर संपर्क हैं, हित के टकराव का आभास करवा सकता है। अपने मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या अपने प्रबंधक से परामर्श करें।

## हम कंपनी के व्यापारिक रहस्यों और गोपनीय जानकारियों की रक्षा करते हैं

कोलगेट के व्यापारिक भेद, अन्य गोपनीय जानकारी और इसका अधिकतर आंतरिक डाटा मूल्यवान संपत्ति है। व्यापारिक भेद कोलगेट के व्यापार के संबंध में इस्तेमाल की जाने वाली वह जानकारी है जो सामान्य तौर पर ज्ञात नहीं है या जिसका आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता और प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील है। इसलिए, इसकी गोपनीयता बनाये रखने के प्रयास किए गए हैं। व्यापारिक भेद और गोपनीय जानकारी निरंतर विकास और प्रतिस्पर्धा करने की योग्यता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### व्यापारिक भेद या अन्य गोपनीय जानकारी के कुछ उदाहरण क्या हैं?

- कोई फार्मूला, डिज़ाइन, उपकरण या जानकारी जो हमारे व्यापार में उपयोग की जाती है, और जो कोलगेट को अपने प्रतियोगियों से बढ़त हासिल करने का अवसर देती है
- वह बौद्धिक संपदा जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया
- व्यापार अनुसंधान
- नई उत्पाद योजनाएं
- सार्वजनिक न की गई वित्तीय जानकारी या अप्रकाशित मूल्य-निर्धारण जानकारी
- विनिर्माण प्रक्रियाएं
- जारी न की गई किसी प्रकार की विपणन या बिक्री सामग्री
- कानूनी राय या एटोर्नी कार्य उत्पाद
- कोलगेट के विनिर्माण या अनुसंधान सुविधा केंद्रों पर रहने के दौरान ली गईं अनधिकृत तस्वीरें या वीडियो
- कर्मचारी, ग्राहक या विक्रेता सूचियाँ
- ग्राहक अपेक्षाओं, वरीयताओं, व्यापार आदतों और योजनाओं से संबंधित जानकारी

हालांकि यह सूची पूरी नहीं हैं, इस सूची से यह पता चलता है कि विभिन्न प्रकार की कितनी जानकारी को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। व्यापारिक भेद और अन्य गोपनीय जानकारी पेटेंट योग्य नहीं भी हो सकती है, लेकिन यह सार्वजनिक नहीं की जा सकती है।

कोलगेट के व्यापारिक भेद और अन्य गोपनीय जानकारी से संबंधित दायित्व इस प्रकार हैं:

**ऐसा न करें** — इस जानकारी का खुलासा "जानने की जरूरत" या "उपयोग की आवश्यकता" के आधार के अलावा कोलगेट में काम करने वाले लोगों या तृतीय पक्ष को करना।

**ऐसा न करें** — तृतीय पक्ष के जानकारी प्रौद्योगिकी सुरक्षा नियंत्रणों की समुचित समीक्षा किए बिना और तृतीय पक्ष के साथ समुचित गोपनीयता करार किए बिना इस जानकारी को संभालने के लिये तृतीय पक्षों को शामिल करना।

**ऐसा न करें** — सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वेबसाइटों या सामाजिक मीडिया साइटों पर इस जानकारी को पोस्ट करना या इसकी चर्चा करना।

**ऐसा न करें** — अपने स्वयं के लाभ या कोलगेट के बाहर के व्यक्तियों के अनधिकृत लाभ के लिये इस जानकारी का उपयोग करना।

**ऐसा करें** — कोलगेट के व्यापारिक भेदों और गोपनीय जानकारी की रक्षा करने के लिये अन्य सभी तर्कसंगत उपाय करना।

यदि आप कोलगेट छोड़कर जाते हैं तो भी आपका कोलगेट व्यापारिक भेद और अन्य गोपनीय जानकारी की रक्षा का दायित्व जारी रहेगा। आपको यह भी याद रखना चाहिए कि पत्राचार, प्रिंटिड सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक जानकारी, किसी भी तरह के दस्तावेज़ या रिकॉर्ड, विशिष्ट प्रक्रिया ज्ञान, प्रक्रियाएं, कोलगेट द्वारा काम करने के विशिष्ट तरीके - चाहे गोपनीय हों या न हों - सभी कंपनी की संपत्ति हैं और वह कोलगेट के पास ही रहनी चाहिए। यदि आप कंपनी छोड़ते हैं तो आपको अपने कब्जे, संरक्षण या नियंत्रण वाली कंपनी की सभी संपत्ति को लौटाना चाहिए।

यदि आप यह जानना चाहें कि आपके पास उपलब्ध जानकारी कोई गोपनीय या व्यापारिक भेद है या नहीं तो आप अपने वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

कोलगेट में काम करने वाले लोग कंपनी के स्वामित्व वाली जानकारी की रक्षा करने के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 12 में देखा जा सकता है।

**प्रश्न:**

अपने कार्य क्षेत्र के रास्ते में एक एलिवेटर पर, मैंने सुना कि दो सहयोगी उस काम के बारे में चर्चा कर रहे हैं जो वे विकसित किए जा रहे किसी नए उत्पाद के संबंध में कर रहे थे। मैं चिंतित हो गया क्योंकि हम कार्यालय के स्थान को अन्य कंपनियों के साथ साझा करते हैं और जिस जानकारी के बारे में वे चर्चा कर रहे थे, वह गोपनीय प्रतीत होती थी। क्या मुझे कुछ कहना चाहिए?

**उत्तर:**

**हाँ।** यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कोलगेट में काम करने वाले लोग लॉबी, कैफेटेरिया, एलीवेटर्स आदि जैसे सार्वजनिक स्थानों पर कंपनी की गोपनीय जानकारी पर चर्चा न करें जहाँ ऐसी गोपनीय बातचीत करना अनुपयुक्त होता है। आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप अपने सहकर्मियों को अपनी चिंताएं बताते हुए “बात करें” और स्थिति को उनके ध्यान में लाएं।

## हम प्रेस और मीडिया अनुरोध नीतियों का पालन करते हैं

- मीडिया, प्रेस, वित्तीय समुदाय या जनता द्वारा कोलगेट की वित्तीय या व्यापारिक जानकारी के संबंध में कोलगेट की ओर से की जाने वाली बातचीत के अनुरोध को उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशंस या उपाध्यक्ष, निवेश संबंध को भेजे जाने चाहिए।
- प्रतिभूति और विनिमय आयोग, न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज या दुनिया भर के अन्य नियामकों और अधिकारियों से संपर्क के लिये कोलगेट की ओर से जानकारी प्रदान करने के अनुरोध वैश्विक कानूनी संगठन को भेजे जाने चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि किसी कर्मचारी द्वारा इस तरह की जाँच के लिये उत्तर न दिया जाए या स्वयं संपर्क न किया जाए क्योंकि एक अनुचित या गलत उत्तर, यहाँ तक कि जानकारी देने से इंकार करना या अस्वीकरण, प्रतिकूल प्रचार होने की वजह बन सकता है और कंपनी को अन्यथा गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

यह नीति सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वित्तीय जानकारी के लिये लागू नहीं होती है, जैसे कि वार्षिक और तिमाही रिपोर्ट या कंपनी की प्रचार-प्रसार की गतिविधियाँ।

कोलगेट में काम करने वाले किसी कर्मचारी के साथ कंपनी या उसके मामलों से संबंधित साक्षात्कार के लिये किए गए अनुरोध और/या कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति और/या स्टेटमेंट जारी करने की समीक्षा और स्वीकृति अग्रिम रूप से उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशंस या उपाध्यक्ष, निवेश संबंध द्वारा दी जानी चाहिए। इसी प्रकार कंपनी द्वारा किए जाने वाले साक्षात्कार भी मीडिया के साथ निर्धारित किए जाने से पहले स्वीकृत करवाए जाने चाहिए।

कोलगेट में काम करने वाले लोग प्रतिभूति व्यापार और जानकारी की गोपनीयता के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 4 में देखा जा सकता है।

## हम सटीक बहियाँ और रिकॉर्ड बनाये रखते हैं

हमारी कंपनी की वित्तीय स्थिति और इसके संचालन के परिणामों को कानून की आवश्यकताओं और सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) के अनुसार रिकार्ड किया जाना चाहिए। कंपनी की नीति और साथ ही कानून के अनुसार कोलगेट की बहियों, रिकॉर्डों और खातों को इस प्रकार बनाये रखना आवश्यक है जिससे कि व्यापारिक लेनदेन की प्रकृति और कंपनी की संपत्ति की प्रवृत्ति सही और उचित रूप से प्रतिबिंबित हो।

कंपनी के लेखाकंन और वित्तीय रिकॉर्डों की सत्यनिष्ठा कंपनी की बहियों और खातों की सहायक प्रविष्टियों में प्रदान की गई जानकारी की सटीकता और संपूर्णता पर आधारित होती है। इस जानकारी को बनाने, संसाधित करने और रिकॉर्ड करने में शामिल सभी लोग इसकी ईमानदारी के लिये जिम्मेदार बनाये गए हैं। प्रत्येक लेखांकन या वित्तीय प्रविष्टि को वही दर्शाना चाहिए जो उसकी सहायक जानकारी में वर्णित है। प्रबंधन से, या द्वारा, या कंपनी के आंतरिक या स्वतंत्र लेखा परीक्षकों से किसी भी जानकारी को छिपाया नहीं जाना चाहिए।

यदि भुगतान के किसी भाग का उपयोग उससे भिन्न प्रयोजन के लिये किया जाएगा जो उसके सहायक दस्तावेज़ों में वर्णित किया गया है, तो कंपनी की ओर से ऐसे भुगतान की स्वीकृति या भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। कोई झूठी या भ्रामक प्रविष्टि किसी भी वजह से कंपनी की किसी भी बही या वित्तीय रिकॉर्ड में नहीं की जानी चाहिए। कंपनी के किसी धन, संपत्ति या खाते को किसी भी प्रयोजन के लिये तब तक स्थापित, हासिल या बनाये रखा नहीं जाना चाहिए जब तक इन्हें कंपनी की बहियों और रिकॉर्डों में उचित रूप से दर्शाया न गया हो। किसी भी कॉर्पोरेट धन या संपत्ति को किसी भी गैरकानूनी या अनुचित उद्देश्य के लिये इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

प्रबंधक और वित्तीय जानकारी की तैयारी के लिये ज़िम्मेदार अन्य लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोलगेट की कॉर्पोरेट वित्तीय नीतियों का पालन किया जाए। आय और व्यय सही ढंग से सही समय पर प्रकट किए जाने चाहिए।

परिसंपत्तियाँ और देनदारियाँ उचित रूप से अभिलेखित और मूल्यांकित की जानी चाहिए। इसके अलावा, वे लोग जो प्रतिभूति और विनिमय आयोग के साथ कोलगेट की आवश्यक फाइलिंग और लागू कानून द्वारा अपेक्षित अन्य फाइलिंग करने के लिये जिम्मेदार या उसमें शामिल हैं, या व्यापारिक या वित्तीय समुदाय के साथ अन्य संचार करने में शामिल हैं या उसके लिये जिम्मेदार हैं, तो उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन फाइलिंग और संचारों में किया गया प्रकटीकरण पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझने योग्य हो। यदि आपको लेखांकन या वित्तीय प्रविष्टियों में संभावित चूक, मिथ्याकरण या अशुद्धि के बारे में, या कोलगेट की प्रतिभूति और विनिमय आयोग की रिपोर्टों या अन्य संचार या किसी आंतरिक नियंत्रण के टूटने के बारे में पता चलता है तो आपको ऐसी जानकारी की रिपोर्ट अपने प्रबंधक या वैश्विक कानूनी संगठन को तुरंत करनी चाहिए। इन मामलों के बारे में आप कंपनी के वैश्विक आचारनीति और अनुपालन विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग कंपनी के दस्तावेज़ों के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 5 में देखा जा सकता है।

## हम कोलगेट की परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं

कंपनी की परिसंपत्तियों, सुविधाओं या सेवाओं का उपयोग केवल वैध, उचित और अधिकृत प्रयोजनों के लिये ही किया जाना चाहिए। धन, संपत्ति या सेवाओं की चोरी करना सख्त रूप से वर्जित है। कोलगेट के उपकरणों, प्रणालियों, सुविधाओं, कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्डों और आपूर्तियों का इस्तेमाल कोलगेट में आपके कार्य से ही संबंधित होना चाहिए या प्रबंधन द्वारा अधिकृत प्रयोजनों के लिये ही किया जाना चाहिए। आप व्यक्तिगत रूप से न केवल कंपनी द्वारा आपको सौंपी गयी संपत्ति की रक्षा के लिये जिम्मेदार हैं बल्कि सामान्य रूप से कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करने में मदद के लिये भी जिम्मेदार हैं। आपको किन्हीं ऐसी स्थितियों या घटनाओं के लिये सचेत रहना चाहिए जिनकी वजह से कंपनी की संपत्ति की हानि, दुरुपयोग या चोरी हो सकती है और जैसे ही आपको इन स्थितियों के बारे में पता लगता है, आपको ऐसी सभी स्थितियों के बारे में प्रबंधक या वैश्विक सुरक्षा को तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए।

कंपनी के केवल कुछ अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों के पास कंपनी की परिसंपत्तियों को प्रभावित करने वाली प्रतिबद्धताओं को करने का अधिकार है। आपको कंपनी की परिसंपत्तियों को प्रभावित करने वाली प्रतिबद्धताओं को तब तक नहीं करना चाहिए जब तक आप उचित रूप से अधिकृत न हों। यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आपको स्पष्टीकरण चाहिए तो आपको अपने स्थानीय या प्रभाग के वित्तीय निदेशक से संपर्क करना चाहिए।

**प्रश्न:**

मुझे क्या करना चाहिए यदि मुझे अगली अवधि तक कुछ खर्चों के उपार्जन में देरी करने के लिये कहा जाता है? उदाहरण के लिये, यदि कोई मुझे कहता है कि “यदि हम इस वित्तीय वर्ष में उन्हें दर्ज कर देते हैं, तो हम कुछ गलत नहीं कर रहे हैं,” क्या यह सही है?

**उत्तर:**

**नहीं।** भले ही कितना भी क्यों न हो, जानबूझकर खर्च के संग्रह में देरी करना भ्रामक, अस्वीकार्य और संभावित रूप से गैरकानूनी प्रथा है। प्रत्येक व्यापार और वित्तीय लेन-देन, यद्यपि चाहे वह महत्वहीन हो, उसे सही और ईमानदारी से रिपोर्ट किया जाना चाहिए। कंपनी के किसी भी दस्तावेज़ या रिकॉर्ड का मिथ्याकरण एक गंभीर अपराध है और इसके परिणामस्वरूप नौकरी से बर्खास्तगी भी हो सकता है।

## हम जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों और सामाजिक मीडिया का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करते हैं

हमें कोलगेट के जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों और सामाजिक मीडिया का जिम्मेदारी से और संहिता और कंपनी की अन्य नीतियों या प्रक्रियाओं के साथ संगत ढंग से उपयोग करना चाहिए।

कोलगेट के जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों में वर्तमान और भविष्य के सभी उपकरण, सॉफ्टवेयर और सेवाएं शामिल हैं जो डेटा को एकत्र, स्टोर, संचार और संसाधित करती हैं जिनका स्वामित्व, पट्टा कोलगेट के पास है या कोलगेट द्वारा दिया गया है।

कोलगेट के जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों का उपयोग सीमित और उपयुक्त निजी उपयोगों को छोड़कर, सम्मानजनक, पेशेवर तरीके से केवल कोलगेट के व्यापारिक प्रयोजनों के लिये किया जाना चाहिए।

इसके अलावा, निम्नलिखित उपयोग निषिद्ध हैं:

- उत्पीड़न, भेदभाव, अपमानजनक, मानहानिकारक, धोखाधड़ी या धमकी भरे संदेश जिनमें वे भी शामिल हैं जिनमें अपमानजनक रूप से जाति, धर्म, राष्ट्रीय मूल, जातीयता, रंग, लिंग, लैंगिक पहचान, उम्र, नागरिकता,वरिष्ठता की स्थिति, वैवाहिक स्थिति, विकलांगता या कानून द्वारा संरक्षित अन्य लक्षणों को शामिल किया गया हो।
- कोलगेट की गोपनीयता या व्यापारिक भेद की जानकारी का अनधिकृत वितरण या किसी भी बाहरी स्थान पर कंपनी के गोपनीय व्यापार या आंतरिक प्रक्रियाओं की अनधिकृत चर्चा करना।
- सुरक्षा का उल्लंघन या नेटवर्क संचार अवरोध पैदा करना या इसकी अनुमति देना, और/या अनुचित तरीके से दूसरों को अपनी उपयोगकर्ता आईडी या पासवर्ड का खुलासा करना या दूसरों को अपनी उपयोगकर्ता आईडी या पासवर्ड का उपयोग करने की अनुमति देना।
- कंपनी की व्यापारिक रीतियों संबंधी दिशा-निर्देश या जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधन और सामाजिक मीडिया के उपयोग पर दिशा-निर्देशों द्वारा निषिद्ध कोई अन्य उपयोग।

लागू कानून द्वारा सीमित किए जाने के अलावा, कंपनी के विवेक और लागू कानूनों के अनुसार उपयुक्त परिस्थितियों में कंपनी के सभी जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों की निगरानी, उपयोग और समीक्षा का अधिकार कोलगेट अपने पास सुरक्षित रखती है। कंपनी के पास कंपनी के सभी जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों की निगरानी, उपयोग और समीक्षा करने के अधिकार का विस्तार व्यापार के साथ-साथ उस निजी जानकारी के मामले में भी है जो कंपनी के जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधन का उपयोग करके बनाई, संगृहीत या संचारित की गई है और इसमें कंपनी के जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों के माध्यम से खोली जाने वाली सामाजिक मीडिया साइटें भी शामिल हैं। कर्मचारियों को इस प्रकार की व्यापारिक या निजी जानकारी के लिये गोपनीयता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

कोलगेट किसी भी कारण से, पहले नोटिस देकर या उसके बिना, जब तक कि ऐसा करना कानून द्वारा निषिद्ध न हो, किसी भी उपयोगकर्ता को, किसी भी समय कोलगेट जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों की पहुँच या उपयोग को सीमित या समाप्त करने के अधिकार को सुरक्षित रखता है।

कोलगेट में काम करने वाले लोग जानकारी प्रौद्योगिकी संसाधनों और सामाजिक मीडिया का इस्तेमाल करना के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 13 में देखा जा सकता है।

# हमारे निदेशक मंडल से हमारे संबंध



*हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऐसे उत्कृष्ट व्यक्तियों का समूह है जो कंपनी के निदेशक मंडल में सेवारत है, जो हमारी निरंतर सफलता के लिये सलाह, मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करते हैं। उनकी व्यापार, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, शैक्षिक उपलब्धियाँ, नैतिकता और नैतिक चरित्र और विविधता में सामूहिक पृष्ठभूमि के साथ, हमारे निदेशक मंडल कंपनी के कारोबार को प्रभावी निरीक्षण प्रदान करते हैं।*

## हमारे पास ऐसा निदेशक मंडल है जो स्वतंत्र, अनुभवी और उन्हें विविध प्रकार का अनुभव है

स्वतंत्रता से ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। यह कोलगेट की नीति है कि उसके पास ऐसा निदेशक मंडल हो जिसमें मुख्य रूप से बाहरी स्वतंत्र निदेशक शामिल हों। सभी निदेशक, जो बोर्ड की समितियों पर काम करते हैं, जो लेखा परीक्षण, क्षतिपूर्ति और संचालन के मामलों की निगरानी करते हैं, वे स्वतंत्र हैं। यहाँ कोई इंटरलॉकिंग निदेशक पद नहीं है और यह कंपनी की नीति है कि स्वतंत्र निदेशकों में से किसी को भी कंपनी से परामर्श, कानूनी या किसी भी अन्य गैर-निदेशक संबंधी फीस नहीं दी जाएगी।

## हम बोर्ड के साथ प्रत्यक्ष और खुले संवाद को बढ़ावा देते हैं

बोर्डरूम के अंदर और बाहर-दोनों स्थान पर, कोलगेट निदेशकों का कंपनी के प्रबंधन के साथ लगातार और सीधा संपर्क होता है। प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक नियमित रूप से बोर्ड की बैठकों के दौरान निदेशकों के साथ शामिल होते हैं और विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर साथ मिलकर खुली चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। निर्धारित बोर्ड बैठकों के दौरान, निदेशकों को आमंत्रित किया जाता है और वे अक्सर, प्रश्नों और सुझावों के साथ वरिष्ठ प्रबंधकों से संपर्क करते हैं। इसके परिणामस्वरूप खुलेपन और स्पष्टवादिता का वातावरण, कोलगेट की समुचित कार्पोरेट संस्कृति को दर्शाता है और बोर्ड कंपनी की व्यापारिक रणनीति का विकास और मार्गदर्शन करने में सक्रिय भूमिका निभाता है।

## हम उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिये वचनबद्ध हैं

कोलगेट बोर्ड कॉर्पोरेट संचालन की पहल का समर्थन करने में अग्रणी रहा है। अपने साथियों के बीच सभी व्यापारिक लेन-देन का संचालन करने और बोर्ड और उसकी समितियों के लिये चार्टर बनाने के लिये औपचारिक रूप से आचार संहिता को अपनाने में यह पहल करने वालों में से एक रहा है, कोलगेट ने पिछले दो दशकों में उत्कृष्ट कार्पोरेट संचालन प्रचलनों को स्थापित किया है, जिनमें लगातार सुधार और बदलाव किए जा रहे हैं। कोलगेट का बोर्ड, इन नीतियों का मुख्य केंद्र है और दृढ़ता से यह विश्वास करता है कि बेहतर कार्पोरेट संचालन, हमारे दीर्घकालिक व्यापार की सफलता को प्रेरित करता है और बेहद सहायक है।

कोलगेट में काम करने वाले लोग "महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट गवर्नेंस मुद्दों पर बोर्ड के दिशा-निर्देशों" का संदर्भ लेकर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो colgatepalmolive.com पर उपलब्ध है।

# बाहरी व्यापारिक संस्थाओं के साथ हमारे संबंध



*हममें से प्रत्येक व्यक्ति इस बात के लिये जिम्मेदार है कि हमें आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों द्वारा किस रूप में देखा जाता है। यह अनिवार्य है कि हम इन समूहों के साथ ईमानदार और निष्पक्ष लेन-देन की कंपनी की प्रतिष्ठा बनाये रखें।*

## हम आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्ष के साथ नैतिकतापूर्ण व्यवहार करते हैं

आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों के साथ ईमानदार व्यवहार मज़बूत और लंबे समय तक चलने वाले व्यावसायिक संबंधों के लिये आवश्यक हैं। हम सभी संभावित तृतीय पक्षों को निष्पक्ष और समान रूप से महत्व देते हैं। विक्रेता चयन संबंधी निर्णय उद्देश्यपूर्ण मापदंडों पर आधारित होते हैं जैसे कि मूल्य और गुणवत्ता और साथ ही विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा।

इसके अलावा, मूल्यों, प्रोत्साहनपरक भत्तों, विपणन सहायता या इसी तरह की चीज़ों के बारे में हम तृतीय पक्षों के साथ कोई व्यक्तिगत पक्षपात नहीं करते। आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य तृतीय पक्षों के साथ लेन-देन करने के बारे में इस संहिता के खंड में आगे चर्चा की गई है जिसमें सरकार और कानून के साथ हमारे संबंधों का उल्लेख हुआ है।

कोलगेट तीसरा पक्ष आचार संहिता कंपनी की वेबसाइट पर कई भाषाओं में उपलब्ध है।

## हम अनुचित उपहार देते या लेते नहीं हैं

किसी भी व्यापारिक निर्णय को प्रभावित करने या प्रभावित करता प्रतीत होने, के लिये उपहार, भुगतान या अन्य लाभ (रिश्वत या घूस समेत लेकिन इन तक ही सीमित नहीं) पेश करना, देना या हासिल करना स्वीकार्य नहीं है। यदि आपका इरादा ऐसे उपहार, भुगतान या अन्य लाभ देने, दिए जाने, पेश किए जाने या हासिल करने का है जो नाममात्र के मूल्य $50 USD से ज्यादा मूल्य के हैं या यदि आपको विश्वास है कि ऐसा उपहार, भुगतान या अन्य लाभ किसी व्यापारिक निर्णय को प्रभावित करने के मकसद से पेश किया या प्रदान किया गया तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचारनीति और अनुपालन से संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा, यह ध्यान रखें कि आप एक स्रोत से केवल मामूली कीमत का उपहार साल में एक बार ही स्वीकार कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा ऐसे किसी विशेष उपहार को स्वीकार न करना कंपनी के लिये लज्जाजनक हो जिसकी कीमत मामूली से अधिक हो तो आपके द्वारा स्वीकार किए गए उपहार के बारे में वैश्विक कानूनी संगठन को सूचित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, मामूली कीमत से अधिक मूल्य के उपहार, भुगतान या अन्य लाभ को अपने परिवार के नजदीकी सदस्य की ओर से किसी ऐसे व्यक्ति से स्वीकार न करें या उसकी व्यवस्था न करें जिसके कंपनी के साथ फिलहाल व्यापारिक संबंध हैं या जिसके साथ कंपनी भविष्य में व्यापारिक संबंध बनाना चाहती है।

**इस नियम का पालन करें:** कभी भी उपहार या सेवा को स्वीकार न करें यदि आपको उसके लिये समझौता करना पड़े या ऐसा दिखाई दे कि आपने समझौता किया है। इसमें कभी-कभार होने वाला तर्कसंगत व्यापारिक मनोरंजन या मामूली कीमत वाला उपहार शामिल नहीं है।

आपको यह मालूम होना चाहिए कि संघीय, राज्य, स्थानीय या विदेशी सरकारी अधिकारियों और सरकारों के साथ उचित व्यवहार करने के विशेष नियम हैं जो गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ व्यवहार करने के नियमों से अलग हैं। सामान्य तौर पर, आप सरकारी कर्मचारियों या सरकारों को भोजन या यात्रा समेत कोई उपहार, ईनाम, या मूल्यवान वस्तु की पेशकश तब तक नहीं कर सकते या प्रदान नहीं कर सकते जब तक वैश्विक कानूनी संगठन द्वारा पहले से अनुमति न ले ली गई हो।

कोलगेट में काम करने वाले लोग सरकारी अधिकारियों और सरकारों से संबंधित व्यय और संबंधित स्वीकृति फॉर्म पर वैश्विक नीति का संदर्भ लेते हुए, सरकारी कर्मचारियों या सरकारों को उपहार देने के बारे में अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

कोलगेट के आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं को हमेशा तृतीय पक्ष आचार संहिता का पालन करने की सलाह दी जाती है जब वे हमारे साथ काम कर रहे हों वरना ऐसा करने पर विफल रहने पर वे हमसे व्यापार खोने की संभावना का सामना कर सकते हैं। इसके अलावा, हमें ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं की नीतियों का उस हद तक पालन और सम्मान करना चाहिए जिस हद तक वे हमारी नीतियों का विरोध न करती हों।

**प्रश्न:**

एक ग्राहक ने मुझे पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट के लिये आमंत्रित किया। मैंने आमंत्रण के बारे में अपने सुपरवाइज़र को सूचित किया और उसने तब तक के लिये मुझे उसमें भाग लेने की अनुमति प्रदान की जब तक व्यापार की चर्चा की जाए। टूर्नामेंट के दौरान, एक ड्रॉइंग आयोजित की गई और मैंने मामूली मूल्य से अधिक के गोल्फ क्लब के सेट जीते। क्या उन्हें स्वीकार करना इस संहिता का उल्लंघन होगा?

**उत्तर:**

**हाँ।** किसी प्रतिस्पर्धा, ड्राइंग या जुए में किसी भी पुरस्कार को एक उपहार माना जाएगा। यदि उपहार का मूल्य हमारी उपहार नीति द्वारा परिभाषित मामूली मूल्य से ज्यादा है तो इसे स्वीकार करने को इस संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके अलावा, यदि आपके प्रश्न हैं तो आचारलाइन (EthicsLine) अतिरिक्त मार्गदर्शन या सलाह प्रदान कर सकती है।

## हम दूसरों के व्यापारिक भेदों और गोपनीय जानकारियों का सम्मान करते हैं

कोलगेट की नीति है कि दूसरों के मान्य और लागू करने योग्य बौद्धिक संपदा अधिकारों का जानबूझकर उल्लंघन न किया जाए। कंपनी की यह भी नीति है कि दूसरों के व्यापार भेदों या अन्य स्वामित्व संबंधी जानकारी का आदर किया जाए। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है यदि आप कोलगेट में शामिल होते हैं और आपको अपने पूर्व नियोक्ता के व्यापारिक भेदों या स्वामित्व की जानकारी है। यदि इससे संबंधित कोई प्रश्न उत्पन्न होते हैं तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करना चाहिए।

यदि कंपनी से बाहर का कोई व्यक्ति आपके पास किसी आविष्कार, खोज या विचार के साथ आता है तो यह महत्वपूर्ण है कि भविष्य में हो सकने वाले उल्लंघन या मौद्रिक दावों से कंपनी की सुरक्षा की जाए। पहले वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श किए बिना, किन्हीं बाहरी लोगों को उनके आविष्कार, खोज या नए विचार की किसी भी जानकारी को प्रकट करने की अनुमति न दें। अयाचित विचारों के साथ आप तक पहुँचने वाले सभी पक्षों को अपने स्थल के वैश्विक कानूनी संगठन या उपभोक्ता मामले विभाग के पास भेजें ताकि कंपनी की प्रक्रियाओं के अनुसार उनसे निपटा जा सके।

कोलगेट में काम करने वाले लोग "कंपनी के स्वामित्व वाली जानकारी की रक्षा करना और दूसरों की स्वामित्व वाली जानकारी को सम्मान देना" के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 12 में देखा जा सकता है।



# उपभोक्ताओं के साथ हमारे संबंध

*हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर निर्मित है। गुणवत्ता और सुरक्षा के लिये हमारी प्रतिबद्धता कंपनी के निरंतर विकास और सफलता के लिये महत्वपूर्ण है।*

## हम अपने उत्पादों के लिये उच्चतम मानक निर्धारित करते हैं

हम यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि उपभोक्ता कोलगेट के उत्पादों पर उनकी विश्वसनीयता, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये भरोसा कर सकें। जिन बाज़ारों में हम व्यापार करते हैं, उनके करोड़ों लोगों की सेवा करने के अलावा, हमें लगातार अपने उत्पादों का सबसे संभव कारगर तरीके से उत्पादन करने का प्रयास करना चाहिए ताकि वे ग्राहकों की बड़ी संख्या द्वारा वहन करने योग्य हो सकें।

कोलगेट द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों को न केवल कानून द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करना चाहिए बल्कि आमतौर पर हमारी कंपनी के अधिक कड़े मानकों को भी पूरा करना चाहिए। हम कार्यक्रमों में भाग लेते हैं ताकि उत्पाद के साथ छेड़छाड़, दुरुपयोग या नकली होने के संदिग्ध मामलों में अपने उपभोक्ताओं को तुरंत सहायता दी जा सके। उपभोक्ता का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण हमारे लिये सबसे बड़ी चिंता है और कोलगेट कर्मचारी के रूप में यह आपकी जिम्मेदारी है कि यदि आपके सामने उत्पाद की गुणवत्ता या सुरक्षा से संबंधित मुद्दे आते हैं तो आप ऐसे मुद्दों की जानकारी अपनी व्यापारिक इकाई के प्रमुख को तुरंत दें।

अपने अवयवों की सुरक्षा के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया अवयव सुरक्षा के बारे में हमारी नीति की समीक्षा करें जिसे colgatepalmolive.com पर देखा जा सकता है।

## हम उपभोक्ताओं के प्रति प्रतिक्रियाशील हैं

क्योंकि हमारा व्यापार उपभोक्ता उत्पादों का है, हमारी सफलता उपभोक्ता की संतुष्टि, विश्वास और साख पर निर्भर करती है। हम उपभोक्ता संचार के सुसंगत, उचित और संवेदनशील कार्यक्रम को अपनाकर अपने उद्देश्यों को सर्वोत्तम रूप से प्राप्त कर सकते हैं और उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

हम उपभोक्ता की जरूरतों और वरीयताओं के लिये पूर्वानुमान और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के महत्व को समझते हैं। हमारा यह भी मानना है कि हमारे उत्पाद से संबंधित कंपनी को भेजी गई उपभोक्ता की राय, चिंताएं और पूछताछ जानकारी के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उपभोक्ता की जरूरतें लगातार बदलती रहती हैं, इसलिए हमें लगातार सुनना चाहिए कि लोग क्या चाहते हैं ताकि बदलती जरूरतों को संतुष्ट किया जा सके।

जब कोई उपभोक्ता असंतुष्टि व्यक्त करता है तो हमारी उपभोक्ता मामले टीम समस्या का तुरंत, शिष्टता से और निष्पक्ष ढंग से निपटारा करेगी और उपभोक्ता साख बनाये रखने या फिर से हासिल करने के लिये हर तर्कसंगत प्रयास करेगी।

## हमारे विज्ञापन ईमानदारी वाले और सटीक हैं

विज्ञापन हमारे व्यापार के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक हैं। विज्ञापन रचनात्मक और प्रतिस्पर्धी होने चाहिए लेकिन साथ ही ईमानदार, सही और लागू कानून का पालन करने वाले होने चाहिए। हमारे विज्ञापनों में कारकों पर आधारित व्यक्तियों संबंधी रुढ़िबद्धता से भी बचा जाना चाहिए जैसे कि:

- जाति
- धर्म
- राष्ट्रीय मूल
- जातीयता
- लिंग या लिंग पहचान
- आयु
- यौन झुकाव
- वयोवृद्धता की स्थिति
- वैवाहिक स्थिति
- अशक्तता
- कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य विशेषता

**प्रश्न:**

मेरा सहकर्मी लाइन ऑपरेटर है जो यह सुनिश्चित करने के लिये घंटे के आधार पर वज़न की जाँच करने के लिये जिम्मेदार है कि उत्पाद की सही मात्रा प्रदान की गई है। मेरा विश्वास है कि वह परीक्षण नहीं कर रहा है और अपने प्रलेखन में झूठी जानकारी दे रहा है। क्या मुझे अपने सुपरवाइज़र को सूचित करना चाहिए?

**उत्तर:**

**हाँ।** हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर निर्मित है। अगर आपको लगता है कि कोई ऐसी कार्रवाई की गई है जो हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकती है या हमारे ग्राहकों या उपभोक्ताओं को प्रभावित कर सकती है, तो आपको तुरंत अपने प्रबंधन और आचारलाइन (EthicsLine) को सूचित करने की आवश्यकता है।

विज्ञापन केवल उत्पाद की छवि ही नहीं बनाता है। यह विश्वसनीयता, निर्भरता और भरोसे के लिये हमारी प्रतिष्ठा बनाता है।

इसके अलावा, हम मीडिया के चयन का भी ध्यान रखते हैं जिसमें हमारे विज्ञापन संदेश प्रदर्शित होते हैं। हम ऐसे टेलीविजन कार्यक्रमों पर या अन्य मीडिया पर अपने विज्ञापन प्रदर्शित नहीं होने देते जो अनावश्यक या अत्यधिक हिंसा या सेक्स का उपयोग करते हैं, असामाजिक हैं या हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा या उत्पादों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

हम विज्ञापन, ट्रेडमार्क, और डिजाइन तैयार करने, उपयोग करने और उनका चुनाव करने के मानकों का पालन करते हैं ताकि हमारे उत्पाद अपनी स्वयं की गुणवत्ता की ताकत और हमारी प्रतिष्ठा के मामले में सफल हों, बजाय इसके कि वे नकल करें या प्रतिस्पर्धियों की साख पर व्यापार करें। वाणिज्यिक निष्पक्षता के लिये निम्न की आवश्यकता होती है:

- ट्रेडमार्क उल्लंघन और अनुचित प्रतिस्पर्धा से संबंधित स्थानीय कानूनी अपेक्षाओं का कड़ाई से पालन।
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों द्वारा इस्तेमाल किए गए प्रसिद्ध ट्रेडमार्कों, प्रचार वाक्यों, विज्ञापन विषयों और ग्राफिकों की नकल करने से बचना।

कोलगेट में काम करने वाले लोग विज्ञापन के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यापार रीतियों संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्याय 14 में देखा जा सकता है।

# सरकार और कानून के साथ हमारे संबंध

*हम कोलगेट पर लागू होने वाले सभी कानूनों का पालन करते हैं। यह हमारी नीति है कि कानून के सभी नियमों का अनुपालन उसी भावना से किया जाए जिस भावना से ये लिखे गए हैं। जब कभी भी आपको संदेह हो, आप हमेशा वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करें।*

## हम सभी लागू कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट में काम करने वाले लोगों को कंपनी की गतिविधियाँ इस प्रकार करनी चाहिए ताकि वे जिस देश में कंपनी प्रचालन करती है, उस देश के कानूनों का, और साथ ही अमेरिका के संगत कानूनों का पूरी तरह पालन करें जैसा कि कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं में उल्लेख किया गया है। नियमानुसार, कंपनी के रूप में हम स्वयं को लागू उच्चतम मानकों के अनुरूप बनाये रखते हैं। यदि आपको विश्वास है कि स्थानीय कानून और संगत अमेरिकी कानून या कंपनी की नीति के बीच कोई टकराव है, तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करें।

## हम प्रतिस्पर्धी कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट और दुनिया भर में इसके कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धी कानूनों का पूरी तरह पालन करना चाहिए (जिन्हें अमेरिका में एकाधिकार व्यापार-रोधी कानून (anti-trust laws) के रूप में जाना जाता है) जो प्रत्येक उस देश, राज्य और स्थान पर लागू होते हैं जहाँ हम व्यवसाय करते हैं। इन कानूनों का प्रयोजन यह सुनिश्चित करके उपभोक्ताओं या अन्य कंपनियों की रक्षा करना है कि कंपनियाँ कम कीमतों, अभिनव उत्पादों और बेहतर सेवा की पेशकश के द्वारा उचित तरीके से प्रतिस्पर्धा करें और यह कि कंपनियाँ आपूर्ति और मांग की बाज़ार शक्तियों में दखल न दें। वास्तव में प्रत्येक देश ने प्रतिस्पर्धी कानून लागू किए हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम जहाँ व्यापार करते हैं, वहाँ के प्रतिस्पर्धी कानूनों को समझें और यदि जरूरी हो तो वैश्विक कानूनी संगठन से मार्गदर्शन लें।

दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी कानून प्रतिस्पर्धियों के बीच उन समझौतों का निषेध करते हैं जिनका असर प्रतिस्पर्धियों को नुकसान पहुँचाने में हो सकता है। अनुपालन करने का उपाय स्वतंत्रता है। कोलगेट को अपनी विभिन्न व्यापारिक गतिविधियाँ में स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहिए:

- कीमतें तय करना
- छूट या प्रोत्साहन
- क्रय और बिक्री की शर्तें
- ग्राहकों, वितरकों या आपूर्तिकर्ताओं का चयन
- उत्पादन के लिये उत्पादों को चुनना और यह कि कितनी बिक्री की जाए

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि अवैध समझौते के लिये औपचारिक दस्तावेज़ या यहाँ तक कि लिखित में होना भी आवश्यक नहीं होता। यह एक मौखिक समझौता या व्यापारिक आचरण का संकेत या साधारण किस्म की टिप्पणियाँ हो सकती हैं। अवैध होने के लिये समझौते को सफलतापूर्वक लागू करने की आवश्यकता भी नहीं होती।

जब प्रतिस्पर्धी मौजूदा या भावी योजनाओं (जैसे योजनाबद्ध तरीके से मूल्य बढ़ाना, आपूर्तिकर्ताओं द्वारा वसूली जाने वाली लागतें, नए उत्पाद लॉन्च करना, आदि) के बारे में गोपनीय या गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा या प्राप्त करते हैं, तो कंपनियों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है और गैरकानूनी समझौता सामने आ सकता है। इसे व्यापारिक संघ सर्वेक्षणों और बैठकों के दौरान ध्यान में रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। सामान्य रूप से, आपको किसी उस बैठक में शामिल होने से पहले वैश्विक कानूनी संगठन से स्वीकृति लेना चाहिए जहाँ कोई प्रतिस्पर्धी मौजूद होने की संभावना हो। आपको कभी भी कंपनी की गोपनीय जानकारी को प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा नहीं करना चाहिए। यदि आपको किसी प्रतिस्पर्धी के बारे में ऐसी जानकारी मिलती है जिसके बारे में आपको विश्वास है कि वह गोपनीय हो सकती है, तो आपको तुरंत वैश्विक कानूनी संगठन को सूचित करना चाहिए। आपको पहले कानूनी अनुमति लिये बिना इस जानकारी का इस्तेमाल या इसे साझा नहीं करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धी कानून वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा लोभी या अनुचित कार्य करने से भी सुरक्षा करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धात्मक खेल का मैदान सभी के लिये खुला हो और उचित हो। गैर-वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा किए गए कानूनी कार्य वर्चस्व वाली कंपनियों द्वारा किए जाने पर गैर-कानूनी समझा जा सकता है। उन देशों में जहाँ कोलगेट का बहुत मज़बूत बाज़ार हिस्सा है, वहाँ आपको यह सुनिश्चित करने के लिये अपने स्थानीय क़ानूनी प्रतिनिधि द्वारा जाँच-पड़ताल करनी चाहिए कि कुछ खास अपेक्षित कार्यों (जैसे विशिष्ट छूट नीति या बिक्री से इंकार) को वर्चस्व वाली स्थिति का दुरुपयोग तो नहीं समझा जाएगा।

प्रतिस्पर्धी कानून आपूर्तिकर्ताओं और उनके ग्राहकों और वितरकों के बीच संबंधों पर भी कुछ सीमाएं तय करते हैं। अधिकांश देशों में, ग्राहकों या वितरकों को कीमतें निर्धारित करने या बिक्री के नियमों और शर्तों की उनकी स्वतंत्रता से वंचित करना या स्वतंत्र रूप से प्रचालन करने के उनके अधिकार को सीमित करना प्रतिस्पर्धी कानून का उल्लंघन होता है। अपने ग्राहकों पर यह जोर देना महत्वपूर्ण होता है कि हमारी "संस्तुत खुदरा (या रिसेल) बिक्री कीमतें" बिल्कुल वही हैं जो संस्तुत की गई हैं। ग्राहक हमेशा उस कीमत पर बेचने के लिये स्वतंत्र हैं जो वे चुनते हैं।

प्रतिस्पर्धी कानूनों का उल्लंघन करने के परिणाम बेहद गंभीर होते हैं और उनसे कंपनी पर बड़े जुर्माने और शामिल किसी व्यक्ति के लिये दंड (कारावास सहित) लगाए जा सकते हैं। संभावित प्रतिस्पर्धा-रोधी आचरण की जाँच तक भी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुँचा सकती है और व्यवसाय में अवरोध ला सकती है।

यदि आपको इस बारे में कोई शक है कि क्या अपेक्षित कार्य से प्रतिस्पर्धी कानून के तहत कोई मुद्दा उठ सकता है, तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से परामर्श करना चाहिए।

कोलगेट में काम करने वाले लोग अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अध्याय 6 में देखा जा सकता है।

**प्रश्न:**

एक व्यापारिक संपर्क ने दंत चिकित्सा सम्मेलन करवाने के दौरान मुझे बताया कि हमारे प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धियों द्वारा एक बैठक आयोजित की जा रही है। मैं उनकी बैठक में भाग लेना चाहता हूँ, लेकिन मुझे डर है कि वे मुझे प्रवेश नहीं करने देंगे, यदि वे जानते हों कि मैं उनकी प्रतिस्पर्धी कंपनी से हूँ। क्या मैं भाग ले सकता/सकती हूँ जब तक कि मैं अपनी पहचान को गोपनीय रखूँ?

**उत्तर:**

**नहीं।** प्रतिस्पर्धी की जानकारी हासिल करने के लिये अपनी पहचान को छिपाना कभी भी उचित नहीं है। आपको अपने प्रतिस्पर्धी के साथ किसी भी बैठक में भाग लेने से पहले वैश्विक कानूनी संगठन के साथ परामर्श करना चाहिए, क्योंकि इस तरह की बैठकें स्पर्धारोधी चिंताओं को बढ़ा सकती हैं।

## हम प्रतिभूति कानूनों का पालन करते हैं

किसी मौके पर आपके पास कोलगेट या अन्य सार्वजनिक रूप से कारोबार वाली कंपनियों के बारे में ऐसी जानकारी हो सकती है जिनके साथ कोलगेट व्यापार करती है, जो सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं है ("गैर-सार्वजनिक जानकारी") — जैसे वित्तीय या संचालन परिणाम, संभावित विलय या अधिग्रहण, विनिवेश या वित्तपोषण, विपणन की योजनाएं या नए उत्पादों की शुरुआत करना।

जानकारी तब तक गैर-सार्वजनिक मानी जाती है जब तक सार्वजनिक तौर पर उसका पर्याप्त रूप से खुलासा नहीं किया जाए - यानि जब तक जानकारी विस्तृत तौर पर प्रचारित न की गई हो और प्रतिभूति बाज़ार द्वारा उस प्रतिक्रिया करने के लिये पर्याप्त समय न निकल चुका हो। यदि यह गैर-सार्वजनिक जानकारी "महत्वपूर्ण" मानी जा सकती है — अर्थात ऐसी जानकारी जिस पर समझदार निवेशक द्वारा निवेश का निर्णय लेने के लिये विचार किया जाएगा तो लागू प्रतिभूति कानूनों और कंपनी की नीति के तहत आपको निम्नलिखित का पालन करना होगा:

- आपको अपने खुद के खाते के लिये या किसी अन्य व्यक्ति के खाते के लिये ऐसी फर्म (कोलगेट या अन्य) के शेयर, ब्रांड या अन्य प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करना चाहिए जिससे गैर-सार्वजनिक जानकारी का संबंध हो;
- इस प्रकार की गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर आपको ऐसी फर्मों की प्रतिभूतियों के शेयर, ब्रांड या अन्य प्रतिभूतियों के लेन-देन के लिये दूसरों को प्रोत्साहित या प्रेरित नहीं करना चाहिए;
- आपको ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा कोलगेट के बाहर के लोगों को नहीं करना चाहिए; और
- आपको ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी की चर्चा कोलगेट के भीतर काम करने वाले लोगों के साथ नहीं करनी चाहिए, जब तक कि उन्हें इस जानकारी के बारे में जानना आवश्यक न हो।

अन्य शब्दों में, आप किन्हीं प्रतिभूतियों या निवेश सौदों में स्वयं को या अन्य लोगों को लाभ पहुँचाने के लिये कोलगेट के साथ अपने रोज़गार के माध्यम से आपको प्राप्त हुई गैर-सार्वजनिक जानकारी का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

यदि आपको कोलगेट में अपने कार्य के दौरान किसी गैर-सार्वजनिक जानकारी का पता चल जाता है तो आपको जानकारी को गोपनीय बनाये रखने के लिये सावधानी बरतनी चाहिए और आपको कोलगेट या किसी अन्य प्रभावित कंपनी में तब तक प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करना चाहिए (या व्यापार करने के लिये किसी अन्य को सलाह नहीं देनी चाहिए) जब तक ऐसी जानकारी को सार्वजनिक किए जाने के बाद काफी समय न बीत जाए। इस तरह की मनाही का विस्तार शेयर विकल्पों पर विचार करने और निवेश करने के लिये निर्णय लेने में या कंपनी की लाभ योजना में कोलगेट शेयरों के निपटान पर भी है।

गैर-सार्वजनिक जानकारी की गोपनीयता बनाये रखने की आपकी बाध्यता कोलगेट का आपका रोज़गार छोड़ने के बाद भी उस समय तक बनी रहती है जब तक उस जानकारी का सार्वजनिक रूप से पर्याप्त खुलासा न कर दिया जाए।

यदि आपका इस बारे में कोई प्रश्न है कि क्या जानकारी "महत्वपूर्ण" है या क्या इसका पर्याप्त रूप से सार्वजनिक तौर पर खुलासा कर दिया गया है तो आपको वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करना चाहिए और प्रभावित प्रतिभूतियों में व्यापार करने या जानकारी का खुलासा करने से तब तक बचना चाहिए जब तक आपको कानूनी स्वीकृति न मिल जाए।

| **प्रश्न:** | **उत्तर:** |
| --- | --- |
| मुझे पता है कि मैं कंपनी की अनाधिकृत जानकारी के आधार पर कंपनी के शेयर खरीद या बेच नहीं सकता/सकती लेकिन क्या ऐसा करने के लिये मैं परिवार के किसी सदस्य या मित्र को सलाह दे सकता/सकती हूँ? | **नहीं।** आपके द्वारा अनाधिकृत व्यापार कानून का उल्लंघन माना जायेगा, जैसे कि आपने स्वंय शेयर खरीदे हों। इसके अलावा, वह व्यक्ति जिसे आपने सलाह दी है उसके द्वारा भी कानून का उल्लंघन किया गया माना जायेगा, यदि वह जानता था कि यह सिफारिश अंदरूनी सूत्र की जानकारी के आधार पर की गयी थी। |

## हम रिश्वतरोधी कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट की सरकारों के साथ कानूनी तौर पर और नैतिकता से व्यवहार करने की प्रतिबद्धता दुनिया भर में लागू होती है। कंपनी की नीति और यू.एस. विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (“FCPA”) और दुनिया भर में ऐसे ही रिश्वत-रोधी कानून हमारे व्यवसाय के संबंध में हमारे लोगों या हमारी तरफ से काम करने वाले किसी को भी किसी सरकारी कार्य या निर्णय को प्रभावित करने या कोई व्यवसाय हासिल करने की दृष्टि से किसी सरकारी कर्मचारी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई मूल्यवान वस्तु देने या उसकी पेशकश करने से निषिद्ध करते हैं।

कंपनी की नीति और कुछ खास लागू नियम भी किसी सरकारी सेवा या कार्य को गति देने की दृष्टि से सरकारी कर्मचारियों को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, सुविधा प्रदान करने वाले या “सुविधा शुल्क (grease)” भुगतान करने से रोकते हैं (उदाहरण के लिये, कोलगेट के आवेदन को सबसे आगे रखने के लिये या उस समय सीमा को कम करने के लिये जिसमें सेवाएं या अन्य कार्य किए जाते हैं, किसी कर्मचारी को किए गए छोटे भुगतान करना)। सरकार द्वारा रसीदों से समर्थित किसी सरकारी शुल्क को अनुचित भुगतान नहीं माना जाता।

यह सुनिश्चित करने के लिये कि आप इस मानक का, प्रत्यक्ष रूप से या किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, कंपनी की यह नीति है कि किसी सरकारी रसीद द्वारा समर्थित कानूनी रूप से अधिदेशित शुल्क को छोड़कर, सरकारी कर्मचारियों को कोई भी भुगतान, मनोरंजन, उपहार या मूल्यवान वस्तुएं तब तक प्रदान नहीं की जाएंगी, जब तक वैश्विक कानूनी संगठन से अग्रिम रूप से लिखित अनुमति न ले ली गई हो, भले ही उनका मूल्य कितना भी क्यों न हो।

कोलगेट में काम करने वाले लोग सरकारी अधिकारियों और सरकारों से संबंधित व्यय और संबंधित स्वीकृति फॉर्म पर वैश्विक नीति का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि “सरकारी कर्मचारी” शब्द को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है और इसमें वे व्यक्ति शामिल हैं जिन्हें किसी सार्वजनिक या राज्य से संबंधित संस्थान या संगठन द्वारा नियोजित किया गया है या जो किसी भी रूप में, भले ही पूर्ण कालिक, अंशकालिक या बिना भुगतान वाले, कर्मचारी की हैसियत के काम करते हों। सरकारी अधिकारी और सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक स्तर पर मिल सकते हैं और उनमें निचले-स्तर के सीमा शुल्क कर्मचारियों से लेकर उच्च पद वाले विधि निर्माता और प्रोफेसर और शिक्षक, डेंटिस्ट, पशु-चिकित्सक य अन्य पेशेवर तथा प्रमुख विचारक अगुवा और राज्य के स्वामित्व वाले मीडिया आउटलेट के कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। यदि आपको इस बारे में कोई संदेह है कि किसी व्यक्ति को सरकारी कर्मचारी माना जा सकता है या नहीं तो आप वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

सरकारी कर्मचारियों के साथ व्यवहार और संप्रेषण करते समय हमेशा स्पष्ट और ईमानदार रहें। सरकारी कर्मचारियों को जानबूझकर या सोच-समझकर कोई विवरण देना (मौखिक या लिखित) आपको और आपकी कंपनी दोनों को बड़े दंड का भागीदार बना सकता है।

यदि कोलगेट में काम करने वाला व्यक्ति या एजेंट किसी विधान को या कुछ सरकारी कार्यों को प्रभावित करने के प्रयोजन से किसी सरकारी कर्मचारी के साथ संप्रेषण करता है तो समर्थन जुटाने से संबंधित कुछ खास कानूनों की अपेक्षा हो सकती है कि कंपनी और/या इसके कर्मचारी या तीसरे पक्ष समर्थन जुटाने वाले के रूप में रजिस्टर कराएं और रिपोर्ट करें। यदि आप या तो प्रत्यक्ष रूप से या किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हैं या ऐसा करने की योजना बना रहे हैं तो आपको संगत अपेक्षाओं और अगले कदमों को तय करने के लिये वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करना चाहिए।

सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत देने को प्रतिबंधित करने के अलावा, कंपनी की नीति और संगत कानून निजी पक्षों को रिश्वत देने को भी प्रतिबंधित करते हैं। आपको किसी भी ऐसे बाहरी पक्ष के निर्णय या आचरण को उपहार, भुगतान या अन्य लाभों के वायदे या किसी अन्य गैर-कानूनी प्रलोभन द्वारा प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जिसके साथ आप कंपनी का व्यापार कर रहे हों।

**प्रश्न:**

मैं समझता/समझती हूँ कि ऐसे कानून हैं, जो सरकारी अधिकारियों की रिश्वतखोरी को प्रतिबंधित करते हैं। लेकिन क्या यह कानून ऐसे लोगों की रिश्वतखोरी पर भी रोक लगाते हैं, जो सरकारी अधिकारी नहीं हैं?

**उत्तर:**

**हाँ।** रिश्वत-रोधी कानून मौजूद हैं जो निजी वाणिज्यिक पक्षों को रिश्वत देने से रोकते हैं; अर्थात, वाणिज्यिक रिश्वतखोरी। ये कानून भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं - और सख्ती से लागू किये जाते हैं - जैसे कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की रिश्वत रोकने के लिये। हमेशा याद रखें कि कंपनी की नीति और स्थानीय कानून कंपनी के व्यापार के संचालन में किसी भी रिश्वतखोरी को निषेध करते हैं, चाहे एक सरकारी अधिकारी हो या गैर-सरकारी व्यक्ति।

कोलगेट में काम करने वाले लोग सरकारी संस्थाओं के साथ व्यापार संबंध के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अध्याय 10 में देखा जा सकता है।

## हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियमों का पालन करते हैं

कंपनी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को शासित करने वाले सभी लागू कानूनों का पालन करती है और इसे अमेरिकी व्यापार विनियमों का भी पालन करना चाहिए भले ही हम दुनिया में कहीं भी प्रचालन कर रहे हों।

व्यापार प्रतिबंध कानून आयात और निर्यात विनियमित करते हैं और कंपनी को कुछ खास देशों या खास व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के साथ व्यापार करने से रोक सकते हैं। किसी भी तीसरे पक्ष (विक्रेता, ग्राहक आदि) को शामिल करने से पहले, यह सुनिश्चित करने के लिये अमेरिकी सरकार द्वारा रखी जा रहीं "प्रतिबंधित पक्ष" की दो सूचियों में तीसरे पक्ष की जाँच की जानी चाहिए कि कंपनी सौदे में उनसे साथ आगे बढ़ने के लिये स्वतंत्र है।

कंपनी को किसी उस विदेशी बहिष्कार में भाग लेने से रोका जाता है जिस पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध न लगाया गया हो और ऐसे बहिष्कारों के बारे में किसी अनुरोध की तुरंत जानकारी दिए जाने की अपेक्षा की जाती है। समुचित निपटान के लिये ऐसे किसी अनुरोध की रिपोर्ट वैश्विक कानूनी संगठन को तुरंत की जानी चाहिए।

कोलगेट में काम करने वाले लोग अंतर्राष्ट्रीय व्यापार गतिविधियों के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अध्याय 9 में देखा जा सकता है।

## हम डेटा निजता और डेटा संरक्षण कानूनों का पालन करते हैं

कोलगेट अपने कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और उन अन्य तीसरे पक्षों की निजता का सम्मान करती है जिनके साथ कोलगेट का व्यापारिक संबंध है और इसलिए, हम निजी डेटा को जिम्मेदारी से और डेटा निजता तथा डेटा संरक्षण के सभी लागू कानूनों के अनुसार संभालते हैं।

कोलगेट के साथ उनके रोज़गार के हिस्से के रूप में, कर्मचारियों द्वारा कुछ व्यक्तिगत जानकारी कंपनी को दी जा सकती है, जैसे कि घर का पता और ई-मेल पता, लाभ प्रयोजनों के लिये परिवार की जानकारी, और अन्य निजी जानकारी।

इसी प्रकार, हमारे उपभोक्ता, उत्पाद जानकारी के माध्यम से या कंपनी द्वारा प्रायोजित प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर निजी जानकारी कंपनी को प्रदान कर सकते हैं जैसे नाम, सड़क का पता और ईमेल पते।

कोलगेट के साथ व्यापारिक संबंधों की अवधि के दौरान, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और अन्य तीसरे पक्ष कुछ निजी जानकारी कंपनी को प्रदान कर सकते हैं जैसे नाम, टेलीफोन नंबर, फैक्स नंबर, सड़क के पते, ईमेल पते और क्रेडिट कार्ड की जानकारी।

इन सारी जानकारियों के संबंध में, कोलगेट की नीति यह है कि:

- निजी डेटा को तब तक केवल उसी प्रयोजन के लिये एकत्र, इस्तेमाल और बनाये रखना जिसके लिये वह प्रदान किया गया था जब तक कि हमें अन्य उपयोगों के लिये सहमति न मिल जाए और हमारे रिकॉर्ड कीपिंग प्रयोजनों के लिये यह जरूरी न हो;
- अनधिकृत खुलासे या इस्तेमाल को रोकने के लिये निजी डेटा की सुरक्षा हेतु सभी तर्कसंगत कदम उठाना;
- अपने उन सेवा प्रदाताओं के अलावा किसी अन्य तीसरे पक्ष के साथ निजी डेटा को साझा न करना जो हमारा व्यापार प्रबंधित करने में हमारी सहायता करते हैं और फिर भी, केवल तभी जब पक्ष हमारे निजता मानकों और सभी लागू निजता कानूनों का पालन करने के लिये सहमत हों;
- सभी लागू कानूनों का पालन करना।

डेटा निजता और डेटा संरक्षण से संबंधित कानून अक्सर विकसित और संशोधित किए जाते हैं। हम डेटा निजता और डेटा संरक्षण कानून विकसित करने पर निगरानी करने के लिये प्रतिबद्ध हैं और समय-समय पर उनके आधार पर विशिष्ट नीतियाँ विकसित कर सकते हैं।

कोलगेट में काम करने वाले लोग डेटा निजता और डेटा संरक्षण के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अध्याय 11 में देखा जा सकता है।

## हम रिकॉर्ड प्रतिधारण कानूनों का पालन करते हैं

दुनिया भर के अनेक कानूनों में अपेक्षा की गई है कि कोलगेट खास समयावधि के लिये कुछ खास प्रकार के रिकॉर्ड बनाये रखे (भौतिक दस्तावेज़ों और इलेक्ट्रॉनिक डेटा सहित)। इन अपेक्षाओं का पालन करने में विफल रहने से कंपनी को बड़े जुर्मानों और दंड का भागी होना पड़ सकता है। कोलगेट ऐसे रिकॉर्ड प्रबंधन कार्यक्रम के लिये प्रतिबद्ध है जो सभी लागू कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करता हो, हमारे व्यापार की जानकारी प्रतिधारण जरूरतों को पूरा करता हो, और सुनिश्चित करता हो कि पुराने या अनावश्यक रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज़ उचित प्रकार से त्याग दिए जाएं।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप किसी कानूनी कार्रवाई, जाँच या कार्यवाही में जैसा भी कानून द्वारा अपेक्षित हो, संगत और आवश्यक जानकारी या दस्तावेज़ों का खुलासा करें। किसी समन, अदालत के आदेश के प्राप्त होने पर या कंपनी की जानकारी या दस्तावेज़ के खुलासे संबंधी अन्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान, आपसे कानून द्वारा अनुमति की सीमा तक, वैश्विक कानूनी संगठन को सूचित करने की अपेक्षा की जाती है।

ऐसे मामले में, आपको वैश्विक कानूनी संगठन द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना चाहिए और उन सभी रिकॉर्डों को रखना चाहिए जो रिकॉर्ड प्रतिधारण कार्यक्रम की अपेक्षाओं की परवाह न करते हुए, समन, मुकदमे या जाँच के लिये संगत या प्रभावशील हों। आपको ऐसे रिकॉर्डों को नष्ट नहीं करना चाहिए या बदलना नहीं चाहिए क्योंकि रिकॉर्डों के अनुचित तरीके से नष्ट किए जाने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें आपके और कंपनी दोनों के लिये सिविल और/या आपराधिक जुर्माने और रोज़गार संबंधी परिणाम हो सकते हैं।

यदि आप जानना चाहते हैं कि कोई रिकॉर्ड किसी जाँच, मुकदमें, या समन से संबंधित है या नहीं, तो उस रिकॉर्ड के निपटान से पहले वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें। कोलगेट में काम करने वाले लोग “रिकॉर्ड प्रबंधन कार्यक्रम नीति” का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**प्रश्न:**

मैं कैसे निर्धारित करूँ कि मुझे कब तक कंपनी का रिकॉर्ड रखना चाहिए और मैं कब उनका निपटान कर सकता/सकती हूँ?

**उत्तर:**

कृपया OurColgate.com > C-P Sites > The Global Legal Organization and Regulatory > Records Management Program पर कंपनी की रिकॉर्ड प्रबंधन साइट से मदद लें या अपने स्थानीय रिकॉर्ड समन्वयक से संपर्क करें (जहाँ लागू हो)।

## हम राजनीतिक योगदान नहीं देते

कंपनी के किसी भी धन या संपत्ति का किसी देश में, सरकार के किसी भी स्तर पर किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को अंशदान देने के लिये इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। राजनीतिक अंशदान में प्रत्यक्ष (मौद्रिक) और गैर-मौद्रिक योगदान शामिल होते हैं। गैर-मौद्रिक अंशदान में सामान्य कारोबारी घंटों के दौरान पैसा उगाहने वाले टिकट, उत्पादों का दान, कोलगेट में काम करने वाले लोगों द्वारा स्वयंसेवा और पैसा उगाहने के लिये या राजनीतिक प्रयोजनों के लिये कोलगेट के सुविधा केंद्रों का इस्तेमाल करना शामिल है। यदि अपेक्षित राजनीतिक अंशदान के बारे में आपका कोई प्रश्न है तो कृपया वैश्विक कानूनी संगठन से संपर्क करें।

कंपनी को राजनीतिक अंशदान के लिये, किसी भी रूप में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, कोलगेट के किसी व्यक्ति या कंपनी के साथ सम्बद्ध व्यक्ति (समर्थन जुटाने वाले या अन्य तीसरे पक्षों सहित) को मुआवजा देने या प्रतिपूर्ति करने की मनाही है।

व्यक्तिगत तौर पर कोलगेट में काम करने वाले लोग अपनी पसंद के उम्मीदवारों या दलों के लिये व्यक्तिगत योगदान देने के लिये स्वतंत्र हैं। व्यक्तिगत अंशदान व्यक्ति की जिम्मेदारी और भार है और यह कभी भी कोलगेट या इसकी प्रचालन कंपनियों में से किसी को किसी भी तरह की सहायता पहुँचाने के मकसद से नहीं किया जाना चाहिए।

अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरह, कोलगेट बहुत से व्यापारिक और उद्योग संगठनों से संबंध रखती है और वार्षिक देय राशि का भुगतान करती है। यह सुनिश्चित करने के लिये कि ये व्यापारिक संघ कोलगेट द्वारा भुगतान की गई देय राशि के किसी हिस्से का उपयोग राजनीतिक अंशदान के लिये न करें, कोलगेट का मुख्य नैतिक और अनुपालन अधिकारी प्रतिवर्ष अमेरिका के उन सभी व्यापारिक संघों को अनुस्मारक भेजता है जिसमें कोलगेट भुगतान करने वाली सदस्य है और कोलगेट निधि से थ्रेशहोल्ड (threshold) राशि प्राप्त करने वाले सभी व्यापार संघों से वार्षिक प्रमाणन प्रक्रिया में भाग लेने की अपेक्षा करती है। और अधिक जानकारी के लिये, कृपया राजनीति अंशदान नीति का संदर्भ लें जिसे colgatepalmolive.com के “हमारी कंपनी” खंड पर देखा जा सकता है।

# समाज के साथ हमारे संबंध



*कंपनी वैश्विक समुदाय में योगदान देने वाला सदस्य होने का प्रयास करती है।*

कोलगेट में, हम मुँह के स्वास्थ्य, निजी देखभाल, घर की देखभाल और पालतू पशु पक्षियों के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करते हैं ताकि दुनिया भर में समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिल सके और ऐसे ही लक्ष्यों के लिये धर्मार्थ संगठनों को सहयोग दिया जा सके। हम प्रत्येक उस स्थान के नागरिक हैं जिसमें हम काम करते हैं और साफ पानी की उपलब्धता की कमी, मुख स्वास्थ्य तक पहुँच और रोके जा सकने वाले रोगों के प्रसार सहित स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान कर रहे हैं।

## हम स्थानीय दान और स्वयंसेवा में भाग लेते हैं

दुनिया भर में, यह हमारा उद्देश्य है कि स्थानीय समुदाय के विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के लिये परियोजनाओं में भाग लें। ऐसी परियोजनाओं में शामिल हैं, धर्मार्थ कार्यों में भाग लेना और राष्ट्रीय आपदा के समय गरीब, घायल, और बेघर लोगों की सहायता की ज़िम्मेदारी लेना। हमारा ध्यान मुख्य रूप से युवा लोगों पर केंद्रित है, विशेष रूप से युवा लोगों की शिक्षा । कोलगेट का मानना है कि आज बच्चों में किया गया निवेश का हम सबको भविष्य में फायदा देगा। यही कारण है कि कंपनी दुनिया भर में शिक्षा कार्यक्रमों, परामर्श देने की पहलों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और अन्य युवा गतिविधियों को प्रायोजित करती है। ये प्रयास युवाओं में प्रतिस्पर्धा और उपलब्धि की भावना को बढ़ावा देते हैं।

कंपनी अपने लोगों को उनके काम के समय के बाद अपनी पसंद की स्थानीय धर्मार्थ गतिविधियों में भाग लेने के लिये भी प्रोत्साहित करती है।

हमारा चमकती मुस्कान चमकता भविष्य (Bright Smile Bright Future) कार्यक्रम कोलगेट को उन समुदायों में महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने में सक्षम बनाता है जिनमें हम रहते और काम करते हैं।

| प्रश्न: | उत्तर: |
| --- | --- |
| क्या मैं किसी स्थानीय राजनीतिक अभियान में कार्य करने के लिये अपना समय लगा सकता हूँ? | **हाँ।** तथापि, यह महत्वपूर्ण है कि आपकी राजनीतिक गतिविधियाँ कार्यस्थल से अलग रहनी चाहिए। कंपनी राजनीतिक अंशदान नहीं करती और कंपनी द्वारा प्रदत्त किसी भी संसाधन का इस्तेमाल इन राजनीतिक गतिविधियों के लिये नहीं किया जाना चाहिए। |

## हम सरकारों के साथ उन मुद्दों पर काम करते हैं जो हमारे व्यापार को प्रभावित करते हैं

हमारी कंपनी 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में व्यापार करती है। यह हमारी नीति है कि स्थानीय और राष्ट्रीय सरकारों के साथ सहयोगात्मक रूप से काम किया जाए। समय - समय पर, ऐसे मुद्दे पैदा हो सकते हैं जो हमारे कार्यों को प्रभावित कर सकते हैं। ध्यानपूर्वक विचार करने के बाद, कंपनी उन विशेष मुद्दों पर अपने व्यापारिक लक्ष्यों और जरूरतों की सहायता के लिये सरकार को अपनी राय और सिफारिशें दे सकती है। तथापि, ऐसा कभी भी आपके प्रबंधक और वैश्विक कानूनी संगठन से पहले परामर्श किए बगैर नहीं होना चाहिए।

## हम शोषण करने वाली, अमानवीय श्रम प्रथाओं का विरोध करते हैं

कोलगेट बाल श्रम के अवैध उपयोग, मानव शोषण और श्रमिकों के प्रति अस्वीकार्य व्यवहार के सभी अन्य रूपों का विरोध करती है। इसके अलावा, कोलगेट की यह नीति है कि यह किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार के साथ काम नहीं करेगी जिसके बारे में ज्ञात हो कि वह श्रमिकों के साथ अस्वीकार्य व्यवहार करता है जिसमें शोषण, शारीरिक दंड, दुरुपयोग, अनैच्छिक गुलामी या दुर्व्यवहार के अन्य रूप शामिल हैं। कोलगेट अन्य श्रम कानूनों के उल्लंघन की अनदेखी भी नहीं करती और यदि कंपनी को किसी उल्लंघन का पता चलता है तो इसे व्यापार संबंध समाप्त करने का आधार माना जाता है।

## हम सार्वभौमिक मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं

कोलगेट दुनिया भर में मानवाधिकारों और श्रम अधिकारों का सम्मान करने के प्रति प्रतिबद्धता है और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के सार्वभौमिक घोषणापत्र का समर्थन करती है। कोलगेट वैश्विक सुलीवन सिद्धांतों (Global Sullivan Principles) के संस्थापक सदस्यों में से एक है। उसके लिये, कोलगेट ऐसे व्यापारिक भागीदारों के साथ काम करना चाहती है, जो निम्नलिखित मानकों को बढ़ावा देते है:

- जाति, रंग, धर्म, लिंग, लैंगिक पहचान, राष्ट्रीय मूल, जातीयता, आयु, यौन-रुझान, विकलांगता, वैवाहिक स्थिति, वरिष्ठता की स्थिति या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता की परवाह किए बिना सभी स्तरों पर सभी कर्मचारियों के लिये समान अवसर;
- मानव कल्याण और पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देने वाला सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कार्यस्थल;
- कर्मचारियों को ऐसा वेतन देना जो उनकी आधारभूत जरूरतों को पूरा कर सके और कर्मचारियों के कौशल और क्षमताओं में सुधार के अवसर प्रदान करे; और
- कर्मचारियों की कानून-सम्मत मित्रता की आजादी का सम्मान और संगठित होने तथा सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के सभी कानूनी अधिकारों को महत्व देना।



# पर्यावरण के साथ हमारे संबंध

*कोलगेट के लिये एक स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण महत्वपूर्ण है केवल इसलिए नहीं कि ऐसा करना सही है, बल्कि इसलिए भी कि इससे अच्छी व्यवसाय भावना पैदा होती है। हम पृथ्वी के सीमित संसाधनों को बचाने में मदद करने और आने वाली पीढ़ियों तक हमारे ग्रह के लोगों का कल्याण करने के लिये अपने हिस्से का काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।*

## हम स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये प्रतिबद्ध हैं

कोलगेट में, हम स्थिरता पर वही खास ध्यान देते हैं जो हम अपने व्यवसाय के प्रत्येक पहलू पर लागू करते हैं। कोलगेट ने स्थिरता के सिद्धांतों और देखभाल, वैश्विक टीमवर्क और निरंतर सुधार - के अपने बुनियादी मान्यताओं का हमेशा समर्थन किया है जो हमारे स्थिरता के प्रयासों का मार्गदर्शन करते हैं। हमारा ध्यान लगातार लोगों, कार्य-निष्पादन और इस धरती पर है।

इसके अलावा, हम यह सुनिश्चित करते हुए वैश्विक स्थिरता के अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि कोलगेट के व्यापार का लगातार और जिम्मेदारी-पूर्ण विकास हो और भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के कल्याण को बढ़ावा देते हुए, उन लोगों को लाभ पहुँचे जिनकी हम सेवा करते हैं, जिनमें दुनिया भर के हमारे उपभोक्ता, हमारे ग्राहक और अन्य शेयरधारक शामिल हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, स्थिरता और सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में वृद्धि हुई है, क्योंकि हमने व्यापार के संचालन में इन पहलों को एकीकृत किया है। इस एकीकृत पद्धति ने हमारी स्थिरता और सामाजिक ज़िम्मेदारी की पहलों और हमारे व्यापार प्रदर्शन को मज़बूत किया है, सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को भर्ती करने और उसे बनाये रखने में सहायता की है, हमारे हितधारकों के साथ हमारे संबंधों को बढ़ाने, और नवाचार के लिये नये अवसरों की पेशकश की है। शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रतिबद्धता ने दुनिया भर में कोलगेट में काम करने वाले लोगों को उत्साहित और संलग्न किया है।

कंपनी के स्थिरता कार्यक्रम और पहल के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया colgatepalmolive.com के "स्थिरता: दुनिया को मुस्कुराने की वज़ह देना" खंड का संदर्भ लें।

## हम इस ग्रह की सुरक्षा और रक्षा करते हैं

कंपनी धरती के सीमित संसाधनों की रक्षा करने और रक्षा करने में मदद करने में अपने हिस्से का काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। धरती से जुड़ी हमारी प्रतिबद्धताएं हमारे ऊर्जा के उपयोग, कार्बन उत्सर्जन, पानी के उपयोग और कचरे के निपटान तक फैली हैं। इसलिए, हमें लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों और उनके द्वारा प्रस्तुत की गयी सार्वजनिक नीतियों के प्रत्येक अक्षर और भावना का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

हम जनता के साथ खुले संवाद को बढ़ावा देते हैं और जिन समुदायों में हम प्रचालन करते हैं, उसके साथ सक्रिय और उत्पादक भागीदारी बनाये रखते हैं। हम पर्यावरण संबंधी अपनी कार्यनीतियों और कार्यक्रमों संबंधी जानकारी उपभोक्ताओं के साथ साझा करना जारी रखेंगे और उन समुदाय नेताओं और अन्य लोगों के साथ काम करना जारी रखेंगे जो हमारी प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

हमारे पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने वाली हमारी सतत् रणनीति उत्पादन, पैकेजिंग, वितरण, और हमारे उत्पादों के विपणन का एक अभिन्न अंग रहेगी।

कोलगेट में काम करने वाले लोग "पर्यावरण, व्यवसाय संबंधी स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति विवरण" के बारे में कंपनी के दिशा-निर्देशों का संदर्भ लेते हुए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिन्हें ourcolgate.com पर कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अध्याय 18 में देखा जा सकता है।




# शेयरधारकों के साथ हमारे संबंध

*हम अपने शेयरधारकों का हित बेहतर ढंग से साधने का प्रयास करते हैं और शेयरधारकों के महत्व का निर्माण करने में सहायता करते हैं।*

## हम शेयरधारक मूल्य की रक्षा के लिये अच्छा कॉर्पोरेट गवर्नेंस बनाये रखते हैं

कंपनी की कॉर्पोरेट प्रशासन नीतियाँ और कार्यक्रम, जिसका मुख्य घटक आचार संहिता है, शेयरधारकों की सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण हैं। हाल ही के कुछ वर्षों में कांग्रेस, एसईसी, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज और दुनिया भर के अन्य नियामकों और अधिकारियों द्वारा नैतिक कॉर्पोरेट व्यवहार को बढ़ावा देने के लिये कई नियंत्रण और संतुलन किये गए हैं, जो कोलगेट में कई वर्षों से मानक अभ्यास रहे हैं। हमारे शेयरधारकों की स्वतंत्र बोर्ड द्वारा सेवा की जाती है जो बड़ी संख्या में अनेक स्वतंत्र निदेशकों और ऐसी स्वतंत्र समितियों से बना है जो लेखा-परीक्षा, मुआवजे और गवर्नेंस संबंधी मामलों की निगरानी करती हैं। निरंतर अद्यतन किये जाने वाले समिति चार्टर और संचालन दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से निदेशकों की भूमिका और ज़िम्मेदारियों और कंपनी कार्पोरेट प्रशासन के सिद्धांतों को परिभाषित करते हैं।

कंपनी के कॉर्पोरेट गवर्नेंस कार्यक्रम के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया "महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट गवर्नेंस मुद्दों पर बोर्ड के दिशा-निर्देश" और कंपनी की लेखा-परीक्षा समिति, नामांकन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस समिति, कार्मिक और संगठन समिति और वित्त समिति के चार्टरों को देखें जो सभी colgatepalmolive.com पर उपलब्ध हैं।

## हम निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिये सुदृढ़ लेखा-परीक्षा कार्यक्रम बनाये रखते हैं

कंपनी अपनी वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता, अखंडता और पारदर्शिता के लिये प्रतिबद्ध है। यह प्रतिबद्धता कंपनी की दीर्घकालिक नीतियों और प्रक्रियाओं में दिखाई देती है, जिसमें शामिल हैं दुनिया भर में आंतरिक लेखा परीक्षा समूह द्वारा वित्तीय नियंत्रण की निगरानी करना, स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का व्यापक आदेश, और एक स्वतंत्र लेखा परीक्षा समिति जो इन क्षेत्रों का निरीक्षण करती है। इन संसाधनों के प्रभाव को बढ़ाने के लिये, कोलगेट के लोगों से खुले और ईमानदार संप्रेषण और आंतरिक और बाहरी लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति के साथ जानकारी के खुले आदान-प्रदान की उम्मीद की जाती है।

कंपनी के आंतरिक लेखा-परीक्षकों, स्वतंत्र लेखा-परीक्षकों और लेखा-परीक्षा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिये, कृपया "लेखा-परीक्षा समिति चार्टर" देखें जो colgatepalmolive.com पर उपलब्ध है।

## हम शेयरधारकों को कंपनी की प्रगति के बारे में जानकारी देते रहते हैं

प्रत्येक वर्ष शेयरधारक कंपनी की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिये आमंत्रित किए जाते हैं जिसमें पिछले वर्ष के दौरान कंपनी की प्रगति की समीक्षा की जाती है और शेयरधारकों के पास कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन से प्रश्न पूछने का अवसर होता है। बीच के महीनों में, शेयरधारक कंपनी की वेबसाइट colgatepalmolive.com पर जा सकते हैं।



# अनुपालन के लिये हमारी जिम्मेदारी

*आचार संहिता का लिखित होना ही पर्याप्त नहीं होता - आचरण के मानकों को बनाये रखना कोलगेट में काम करने वाले सभी लोगों की जिम्मेदारी है और हमारे निजी आचरण में हमारे उच्च नैतिक मानकों के प्रति प्रतिबद्धता झलकनी चाहिए।*

## संचार और प्रकटीकरण महत्वपूर्ण हैं

कोलगेट के साथ नौकरी को स्वीकार करने के साथ, हममें से प्रत्येक व्यक्ति, सभी कानूनों और विनियमों, और व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों में निहित अधिक विस्तृत दिशा-निर्देशों और अन्य नीतियों, प्रक्रियाओं और हमारी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, इकाईयों और विभागों द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों में आचरण के इन मानकों के अनुपालन के लिये जवाबदेह हो जाता है। प्रबंधकों की ज़िम्मेदारी है कि वे अपने साथ काम करने वालों को इस बारे में सूचित करें, यह सुनिश्चित करें कि वे इन्हें समझें और इनका पालन करें, और एक ऐसे वातावरण को बनायें, जिसमें लोग नैतिकता और कानूनी मामलों के बारे में चर्चा कर सकें।

## यदि आपको मार्गदर्शन की जरूरत है तो हमारे पास सहायता देने के लिये आंतरिक संसाधन हैं

संहिता सभी प्रश्नों के निर्णायक उत्तर प्रदान नहीं कर सकती। इसके लिये कंपनी के उच्च मानकों का पालन करने के लिये हमें अंततः प्रत्येक व्यक्ति की उचित भावना पर भरोसा करना चाहिए जिसमें यह भी शामिल है कि उचित आचरण के लिये मार्गदर्शन की तलाश करना कब उचित है। यदि इस संहिता में उल्लिखित विषयवस्तु के बारे में आपके प्रश्न हैं या आपको किसी विशेष स्थिति में कार्रवाई करने के तरीके के बारे में कोई संदेह है तो कृपया नीचे किए गए उल्लेख के अनुसार मार्गदर्शन प्राप्त करें।

## यदि मुझे सहायता की जरूरत है तो मैं कहाँ जाऊं?

**कर्मचारी**

→ **कानूनी विभाग**
अनुपालन संबंधी किसी प्रश्न के लिये वैश्विक कानूनी संगठन के किसी सदस्य से संपर्क करें या व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों, कानून, विनियमन या कंपनी की नीतियों की व्याख्या के लिये सलाह या सहायता प्राप्त करें।

→ **वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन**
आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि प्रश्न पूछने, किसी विशिष्ट स्थिति में संहिता कैसे लागू होती है, इस बारे में मार्गदर्शन हासिल करने या किसी संभावित उल्लंघन के बारे में "बात करें" के मामले में आचारलाइन (EthicsLine) के माध्यम से वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन से संपर्क करें।

→ **मानव संसाधन**
आपका स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि नैतिकता संबंधी असमंजस के बारे में सलाह और परामर्श के लिये अन्य मूल्यवान संसाधन है।

→ **आपका प्रबंधक**
नैतिकता संबंधी सरोकारों या प्रश्नों पर चर्चा करने के लिये अपने प्रबंधक या अपने संगठन की नेतृत्व टीम के किसी सदस्य से बात करें। यदि वे आपकी सहायता करने में असमर्थ हैं तो वे आपको उचित संसाधन के पास भेजेंगे। इसके अलावा, यदि आप अपने प्रबंधक से बात करने में सहज नहीं हैं तो आप मानव संसाधन, वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन के पास जा सकते हैं।

| प्रश्न: | उत्तर: |
| --- | --- |
| प्रबंधक के रूप में, मुझे क्या करना चाहिए यदि मेरी टीम का कोई सदस्य मुझसे "बात करता है" और कोई सरोकार उठाता है? | अगुवा व्यक्ति के रूप में, आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अन्य लोगों को खुलकर और ईमानदारी से बोलने और यहाँ तक कि संवेदनशील मुद्दे उठाने के लिये प्रोत्साहित करें। जब टीम का कोई सदस्य कोई चिंता व्यक्त करता है या आपसे मदद के लिये कहता है तो आपको निष्पक्ष, खुला और प्रतिक्रियाशील होना चाहिए। कंपनी के नैतिक मानकों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने के लिये टीम के सदस्य को धन्यवाद कहें। हो सकता है कि आप अपने टीम के सदस्य को तुरंत उत्तर दे पाने के लिये तैयार न हों, लेकिन यह अवसर टीम के सदस्य को समुचित मार्गदर्शन देने के लिये आपकी मदद करने हेतु मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन जैसे अन्य संसाधनों को आज़माने का होता है। |

## हम सरोकारों की रिपोर्ट करने के लिये उपयुक्त संसाधनों से "बात करते हैं"

यदि आपको इस संहिता, व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों या कंपनी की अन्य नीतियों के उल्लंघन की जानकारी है या उस पर संदेह करने का उचित कारण है तो आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उस जानकारी के बारे में तुरंत अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन या वैश्विक विधि संगठन को बताएं। वैकल्पिक रूप से, आप बदले की कार्रवाई के डर के बिना प्रबंधन के उच्च स्तर तक जाने के लिये स्वतंत्र हैं।

## मैं कैसे आश्वस्त हो सकता हूँ कि मेरे खिलाफ कोई नकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी?

आप कोलगेट-पामोलिव आचारलाइन (EthicsLine) का इस्तेमाल करते हुए वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

आचारलाइन (EthicsLine) के माध्यम से प्राप्त सारी जानकारी की समीक्षा की जाती है और यदि यह इस संहिता से संबंधित होती है तो मामले की वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन और/या वैश्विक कानूनी संगठन द्वारा तुरंत और पूरी तरह से जाँच की जाती है। यह आवश्यक है कि व्यक्तियों द्वारा स्वंय जाँच न की जाए, क्योंकि जाँच में जटिल कानूनी मुद्दे शामिल हो सकते हैं। स्वयं कार्रवाई करने से जाँच की सत्यनिष्ठा से समझौता हो सकता है और यह आपको और कोलगेट को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है।

जहाँ स्थानीय कानून अनुमति दे वहां रिपोर्टें गुमनाम रूप से की जा सकती हैं। लेकिन, हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि जब जाँच और अनुवर्ती कार्रवाई में सुविधा प्रदान करने में मदद के लिये आप हमें कॉल करते हैं तो स्वयं की पहचान बताएं। कुछ देशों में ऐसे कानून हैं जो आपके द्वारा सूचित की जा सकने वाली जानकारी को प्रतिबंधित करते हैं। यदि ये कानून आपकी स्थिति पर लागू होते हैं, तो वैश्विक नैतिकता और अनुपालन प्रतिनिधि आपको आपकी व्यापारिक इकाई के किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सूचित करेगा जो आपको आपके प्रश्न या चिंता के बारे में आपकी सहायता कर सके।

तथापि, ध्यान रखें कि यदि आप स्वयं की पहचान बताना चाहते हैं तो कंपनी व्यक्ति विशेष की पहचान और भेजी गई जानकारी को गोपनीय बनाये रखने के लिये हरसंभव कदम उठाएगी और जानने की आवश्यकता के आधार पर ही जानकारी का खुलासा तब करेगी जब खुलासा करना:

- प्रभावी जाँच करने और समुचित कार्रवाई करने के लिये आवश्यक हो; या
- लागू कानून द्वारा अन्यथा अपेक्षित हो।

रिपोर्ट या शिकायत में निजी डेटा शामिल हो सकता है। उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन के प्रयोजन से, स्थानीय कानून के तहत यह जरूरी हो सकता है कि एकत्र किए गए निजी डेटा को अमेरिका सहित एक देश से दूसरे देश में स्थानांतरित करना पड़े। ऐसे मामलों में, निजी डेटा का इस्तेमाल कंपनी के कर्मचारियों और कोलगेट की उन संस्थाओं द्वारा किया जा सकता है, जो वैश्विक नैतिकता और अनुपालन अनुभाग द्वारा रिपोर्ट की जाँच में शामिल होती हैं, लेकिन केवल उतनी अवधि के लिये जितनी इस उद्देश्य के लिये यथोचित रूप से आवश्यक है (और उसके बाद इस तरह के निजी डाटा को नष्ट कर दिया जायेगा या केवल कंपनी या कानून की ज़रूरत के लिये बनाये रखा जाएगा)।

## आचार संहिता आचारलाइन (ETHICSLINE)

**ethics@colpal.com**

**(800) 778-6080**
**(अमेररका, क्नारा और प्युअर्टो ररको से नन:शुलक)**
**1-(212) 310-2330**
**(अनय स्भी स्थानों से कलेक्ट)**

**Global Ethics & Compliance**
**Colgate-Palmolive Company**
**300 Park Ave, 5th Floor**
**New York, NY 10022**

**वेब टूल**

**फैक्स**
**(212) 310-3745**


**प्रश्न:**

मैंने सुना है कि मेरी आवाज़ फर्क पैदा कर सकती है लेकिन हाल ही में जब मैं एक गंभीर मुद्दे पर अपने प्रबंधक से "बात करने" गया तो कुछ नहीं हुआ। मुझे अब क्या करना चाहिए?

**उत्तर:**

हम सभी यह सुनिश्चित करने के लिये जबावदेह हैं कि हमारी कंपनी सत्यनिष्ठा की संस्कृति और उच्च नैतिक मानक बनाये रखे। यदि आपको विश्वास नहीं है कि आपकी चिंताओं को दूर करने के लिये समुचित कदम उठाया गया है तो आपके पास अनेक अतिरिक्त संसाधन हैं। मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाने से न डरें और प्रबंधन के अगले स्तर, मानव संसाधन, वैश्विक कानूनी संगठन या वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन से "बात करें"। कंपनी इस मसले को सामने लाने के आपके प्रयासों की सराहना करती है।

## मेरे आचारलाइन (ETHICSLINE) से संपर्क करने के बाद क्या होता है?



## कोलगेट जाँच प्रक्रिया

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| GE&C जाँचकर्ता निर्धारित करता है जिसका उस यूनिट से कोई संबंध न हो, जिससे रिपोर्ट मिली है। | जाँचकर्ता जाँच करता है। | जाँचकर्ता निष्कर्ष प्रदान करता है। | वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन निष्कर्षों की समीक्षा करता है और लागू की जाने वाली कार्रवाई की सिफारिश करता है। | जाँच के समापन पर, सरोकार की रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति को फीडबैक दी जाती है (यदि संपर्क जानकारी प्रदान की गई हो)। |

## अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है

कोई भी ऐसा आचरण जो कंपनी की व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है, उसके लिये कंपनी की “शून्य सहनशीलता” की नीति है। इसका अर्थ यह है कि उल्लंघन की घटना सत्यापित हो जाने पर, उल्लंघन की प्रकृति और व्यापकता के अनुरूप उचित कार्रवाई की जाएगी। किसी व्यक्ति या कंपनी के किसी प्रबंधक को ऐसे आचरण में शामिल होने का अधिकार नहीं है जो इस संहिता का पालन न करता हो, या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ऐसा आचरण किए जाने को अधिकृत, निर्देशित, स्वीकृत या उसकी अनदेखी करता हो। वैसे, कंपनी का इरादा किसी भी ऐसे आचरण को रोकना है, जो संहिता या व्यापारिक आचरण के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करता और ऐसे किसी आचरण पर विराम लगाना है, जिसके पता लगने के बाद इसके घटित होने की काफी हद तक संभावना हो सकती है। कोलगेट के लोग जो संहिता या व्यापारिक आचरण दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते, वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन हो सकते हैं, जिसमें स्थानीय कानून के अंतर्गत, नौकरी की बर्खास्तगी भी शामिल हो सकती है।

## संहिता कोलगेट के सभी लोगों और कंपनी गतिविधियों पर लागू होती है

आचार संहिता और व्यावसायिक व्यवहार दिशा-निर्देशों के अनुपालन की वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन विभाग द्वारा निगरानी की जाती है। यह विभाग आचार संहिता और इससे संबंधित कार्यक्रमों की स्थापना, कार्यान्वयन और लागू करने के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी/बोर्ड के अध्यक्ष और लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष को रिपोर्ट करता है।

वैश्विक आचार-नीति और अनुपालन विभाग को दी गई जानकारी या अन्य चैनलों के माध्यम से दी गई जानकारी, जैसा भी उचित हो, को गोपनीय आधार पर लेखा-परीक्षा समिति को भेजा जाता है।

यह संहिता सभी कोलगेट-पॉमोलिव कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों में, अधिकारियों सहित, काम करने वाले सभी लोगों पर लागू होती है, और यह कंपनी के निदेशकों और एजेंटों पर भी लागू कानून के अनुसार लागू होती है। संहिता की प्रतियाँ हमारी आंतरिक इंट्रानेट साइट और हमारी बाहरी बेवसाइट दोनों पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं और इसे कंपनी की ओर के काम करने के लिये अधिकृत सभी तीसरे पक्षों को प्रदान किया जाना चाहिए। विश्व भर में कोलगेट में काम करने वाले लोग वार्षिक आधार पर आचार संहिता के प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण में भाग लेकर कंपनी के नैतिक मानकों के साथ अनुपालन के लिये अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं।

COLGATE-PALMOLIVE COMPANY

300 Park Avenue
New York, NY 10022
212-310-2000
www.colgatepalmolive.com